संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-185 मंगलवार, 07 मई 2024, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

# तीसरे चरण के लिए लोकसभा चुनाव आज

**» 285 सीटों के साथ सम्पन्न होगा लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण**

**नई दिल्ली/रायपुर,06 मई 2024 (ए)।** 285 सीटों के साथ लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण सम्पन्न होगा। इसी के साथ आधी लोकसभा सीटों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी। बता दें कि मंगलवार को 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 94 लोकसभा सीटों पर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान होगा। इससे पहले दो दौर का मतदान 19 और 26 अप्रैल को संपन्न हो चुका है। ग़ौरतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव को मोदी सरकार 2045 का विज़न लेकर चुनाव लड़ रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी पूरे लोकसभा क्षेत्र में भी अपने प्रत्याशी खड़े नहीं कर पाई और असमंजस की स्थिति में अपने एलाइंस के साथ भी कई जगह दोनों प्रत्याशी खड़े हैं जहाँ एक और विकास की यात्रा को विज़न बनाकर मोदी सरकार चुनाव लड़ रही है दूसरी ओर हिन्दू मुसलमानों की बात कर आम मतदाताओं को डराया जा रहा है संविधान ख़तरे में संविधान बदलने की बात बतायी जा रही है जबकि दूसरी ओर ममता अपनी लड़ाई अकेले लड़ रही है शरद पवार अपने पार्टी में एक अलग लड़ाई लड़ रहे उदय ठाकरे बड़ी मुश्किल से अपने पार्टी के साथ तालमेल बनाए हुए हैं दूसरी ओर ओवैसी जैसे लोग बीफ की राजनीतिक खुलकर सामने ला रहे हैं और उन्हें डर सता रहा है कि वे 40 साल से घरेलू बनी लोक सभा क्षेत्र हैदराबाद अब पराइ न हो जाए। केरल में कांग्रेस और वामपंथी आपस में लड़कर बड़ा नुकसान




**पहले चरण में किन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में होंगे चुनाव (कितनी सीटें)**

**अरुणाचल प्रदेश:** दो में से दो सीट पर
**असम:** 14 में से पांच सीट पर
**बिहार:** 40 में से चार सीट पर
**छत्तीसगढ़:**11 में से एक सीट पर
**मध्य प्रदेश:** 29 में से छह सीट पर
**महाराष्ट्र:** 48 में से पांच सीट पर
**मणिपुर:** दो में से दो सीट पर
**मेघालय:** दो में से दो सीट पर
**मिजोरम:** एक में से एक सीट पर
**नागालैंड:** एक में से एक सीट पर
**राजस्थान:**25 में से 12 सीट पर
सिक्किम: एक में से एक सीट पर
**तमिलनाडु:** 39 में से 39 सीट पर
**त्रिपुरा:** दो में से एक सीट पर
**उत्तर प्रदेश:** 80 में से आठ सीट पर
**उत्तराखंड:** पांच में से पांच सीट पर
**पश्चिम बंगाल:** 42 में से तीन सीट पर
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह: एक में से एक सीट पर
**जम्मू-कश्मीर:** पांच में से एक सीट पर
**लक्षद्वीप:** एक में से एक सीट पर
**पुडुचेरी:** एक में से एक सीट पर

गठबंधन के लिए कर रहे है। जैसे कि राजस्थान,मध्यप्रदेश,गुजरात, छत्तीसगढ़ राज्य को मान कर चला जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी सबसे ज्यादा या संपूर्ण लोकसभा सीट इन राज्यों में जीतेगी। असम, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर जैसे राज्य भी देश के हित में भारतीय जनता पार्टी के लहर की ओर दौड़ते दिख रहे है।

जबकि तमिलनाडु में स्टालिन का अलाइंस ठीक नहीं होने से बीजेपी को रामदास की पार्टी का सम्पूर्ण सहयोग मिलने के कारन भाजपा का खाता खुलते नजर आ रहे है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के अधूरे घोषणा पत्र के वादे पूर्ण नहीं होने के कारण सत्ता विरोधी लहर का खतरा मंडरा रहा है। जिससे बीजेपी को नुकसान में भी फायदा नजर आ रहा है। तेलंगाना में ओवैशी के हिन्दू मुसलमान के कारण बीजेपी को पहले से लाभ की स्थिति में ला सकता है। आंध्र प्रदेश और ओड़िशा में विधानसभा चुनाव होने के कारण राज्य की सरकार की लम्बे समय से जनता के लिए बड़े कोई कार्यक्रम ठोस कार्य योजना जमीनी धंतराल पर नहीं चलने के कारण विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने के कारण मोदी की छवि का असर देखने को मिल रहा है। और केंद्र की योजना को लागू करने के लिए दोनों राज्यों की जनता मोदी सरकार को अच्छी नजर से देख रही है। और मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया जा रहा है। इसलिए दोनों राज्य आंध्रप्रदेश और ओड़िशा में राज्य और मोदी के लिए सबसे ज्यादा सांसद जीतना भी आसान बन पड़ा है।

सभी राज्यों में राजनीतिक दलों का एजेंडा अलग-अलग है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे में स्पष्ट रूप से धारा 370 राम मंदिर और यूसीसी जैसे मुद्दे प्रमुखता के साथ सफलता पूर्ण भुनाने में मददगार साबित हो रहे हैं। अब देखना है लगभग आधा लोकसभा का चुनाव कल 7 तारीख़ को संपन्न हो जाएगा उसके बाद अलग अलग राजनीतिक पार्टियों के अलग अलग पैतरे और उनके अलग अलग पेपर विज्ञापन जनता को किस ओर मोड़ते हैं लगभग पूरे भारत में मोदी लहर अंडर करंट होने का आभास होने लगा हैं। सच्चाई को आँखों से देखते हुए भी अंधे होना है यह मीडिया के लहज़े से अच्छी बात नहीं होगी। बता दें पश्चिम बंगाल, यूपी और बिहार तीन राज्य हैं, जहां सभी सात चरणों में मतदान होना है।

## प्रथम चरण की चुनावी सीटों पर किसका कब्जा ?

**अरुणाचल प्रदेश**
अरुणाचल पूर्व (जनरल) -भाजपा
अरुणाचल पश्चिम (जनरल) -भाजपा

**असम**
काजीरंगा (जनरल) असम में परिसीमन प्रक्रिया के बाद कालियाबोर (कांग्रेस द्वारा आयोजित) को बदलने के लिए पिछले साल बनाया गया था। सोनितपुर (जनरल) - भाजपा लखीमपुर (जनरल)-भाजपा डिब्रूगढ़ (जनरल) - भाजपा जोरहाट (जनरल) - भाजपा

**बिहार**
औरंगाबाद (सामान्य) - भाजपा गया (एससी) - जनता दल (यूनाइटेड) नवादा (सामान्य)- लोक जन शक्ति पार्टी जमुई (एससी)- लोक जनशक्ति पार्टी

**छत्तीसगढ़**
बस्तर (एसटी)- कांग्रेस

**मध्य प्रदेश**
सीधी (जनरल)-भाजपा शहडोल (एसटी) - भाजपा जबलपुर (जनरल)-भाजपा मंडला (एसटी)- भाजपा बालाघाट (जनरल)-भाजपा छिंदवाड़ा (जनरल)-कांग्रेस

**महाराष्ट्र**
रामटेक (एससी)-शिवसेना नागपुर (जनरल) - नितिन गडकरी भंडारा - गोंदिया (जनरल) - भाजपा गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी)- भाजपा चंद्रपुर (जनरल) - कांग्रेस

**मणिपुर**
आंतरिक मणिपुर (सामान्य) - भाजपा बाहरी मणिपुर (एसटी) - नागा पीपुल्स फ्रंट

**मेघालय**
शिलांग (एसटी) - कांग्रेस तुरा (एसटी) - नेशनल पीपुल्स पार्टी

**मिज़ोरम**
मिज़ोरम (एसटी) - मिज़ो नेशनल फ्रंट
नागालैंड: नागालैंड (जनरल) - नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी

**त्रिपुरा**
त्रिपुरा पश्चिम (जनरल) - भाजपा
सिक्किम: सिक्किम (जनरल) - सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा

**राजस्थान**
गंगानगर (एससी) - भाजपा बीकानेर (एससी) - भाजपा चूरू (जनरल) - भाजपा झुंझुनू (जनरल) -भाजपा सीकर (जनरल)-भाजपा जयपुर (जनरल) - भाजपा जयपुर ग्रामीण (सामान्य)-भाजपा अलवर (जनरल) - भाजपा भरतपुर (एससी) - भाजपा करौली-धौलपुर (एससी)- भाजपा दौसा (एसटी) - भाजपा नागौर (जनरल) - राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी

**उत्तराखंड**
टेहरी गढ़वाल (जनरल) - भाजपा गढ़वाल (जनरल)-भाजपा अल्मोडा (एससी) - भाजपा नैनीताल-उधमसिंह नगर (सामान्य)-भाजपा हरद्वार (जनरल) - भाजपा

**पश्चिम बंगाल**
कूचबिहार (एससी) - भाजपा
अलीपुरद्वार (एसटी) - भाजपा
जलपाईगुड़ी (एससी) - भाजपा
अंडमान व नोकोबार द्वीप समूहः अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (जनरल) - कांग्रेस
जम्मू-कश्मीर: उधमपुर (जनरल) - भाजपा

**लक्षद्वीप**
लक्षद्वीप (एसटी): राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी

**पुडुचेरी**
पुडुचेरी (जनरल) - कांग्रेस
तमिलनाडु: पूरे राज्य में 19 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा। 39 लोकसभा क्षेत्रों में 24 का प्रतिनिधित्व डीएमके द्वारा किया जा रहा है जबकि कांग्रेस तमिलनाडु में नौ सीटों का प्रतिनिधित्व करती है।

# आईसीएसई 10 वीं,आईएससी 12 वीं के नतीजे जारी



**नई दिल्ली,06 मई 2024 (ए)।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने 10 वीं और 12 वीं बोर्ड 2024 के नतीजे घोषित कर दिए है। जो स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे वो अपना रिजल्ट एच टी टी पी एस://सी आई एस सीई.ओ आर जी/ या रिजल्टस. सी आई एस सीई.ओआरजी पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें यूआईडी और इंडेक्स नंबर दर्ज करना होगा। आईसीएई 10वीं में 99.65 प्रतिशत लड़कियां और 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं। आईएससी 12वीं में 98.92 प्रतिशत लड़कियां और 97.53 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं।

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने कल जानकारी दी थी कि दोनों कक्षाओं के लिए नतीजे सोमवार, 6 मई को सुबह 11 बजे घोषित किए जाएंगे। रिजल्ट चेक करने के लिए छात्रों को यूनिक आईडी इंडेक्स नंबर, कैप्चा की जरूरत है।

इस साल सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं, कक्षा 10 के लिए 28 मार्च और कक्षा 12 के लिए 3 अप्रैल को समाप्त हुई थी। साल 2023 के रिजल्ट में गर्ल्स हाईस्कूल की 12वीं की छात्रा मावरा नसीब और ब्वॉयज हाईस्कूल के 10वीं के छात्र सार्थक सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर बनी मेरिट में तीसरा स्थान हासिल किया था। ह्यूमैनिटीज कैटेगरी की मावरा नसीब ने 99.25 प्रतिशत अंक जबकि सार्थक सिंह ने 99.40 फीसदी नंबर प्राप्त किए थे। 12वीं के कोऑर्डिनेटर और सेंट जोसेफ कॉलेज के प्रिंसिपल फादर थॉमस कुमार के अनुसार, प्रयागराज के 19 और प्रतापगढ़ के एक कॉलेज के लगभग 3200 छात्र-छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा दी थी।

# पीए के नौकर के घर मिला नोटों का जखीरा



**» 25 करोड़ कैश मिलने का अनुमान**

**रांची ,06 मई 2024 (ए)।** लोकसभा चुनावों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। केंद्रीय एजेंसी झारखंड के रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घरेलू सहायक के यहां से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। नोटों की गड्डियों का ढेर लगा हुआ है, जिसे देखकर अधिकारी भी चकरा गए हैं, जिन्हें गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गई हैं। इस दौरान टीम को 25 करोड़ रुपये नकद मिले हैं।

ईडी के अधिकारियों ने वीडियो जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि घर में किस तरह से नोटों को रखा गया था। बैग, सूटकेस और पॉलिथीन में भरकर नोटों की गड्डियां रखी गई थीं। अधिकारी घर का कोना-कोना छान रहे हैं। पीएमएलए के तहत करीब आधा दर्जन ठिकानों पर रेड डाली गई है। ईडी की ये कार्रवाई निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके करीबियों के ठिकानों पर भी हो रही है। ईडी ने कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरवरी 2023 में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

बीते साल फरवरी में एजेंसी ने वीरेंद्र राम से लंबी पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने 21 फरवरी 2023 को रांची, जमशेदपुर और झारखंड, बिहार और दिल्ली के कुछ अन्य स्थानों पर सर्च अभियान चलाया था, जिसके बाद उसे पकड़ा था। एजेंसी ने तमाम परिसरों से कुछ लग्जरी कारें और एसयूवी भी जब्त की थीं। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला राज्य सतर्कता ब्यूरो की शिकायत से जुड़ा है, जिसमें सरकारी काम के अनुदान के बदले में कुछ कथित कमीशन का भुगतान किया गया था।



## संपादकीय

# छोटी सी योजना की शुरुआत

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट अब व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदगी के पिच्छत्तरवें वर्ष में यह छोटी सी योजना की शुरुआत की है।व्हाट्सऐप के रोजाना की जिंदगी में शामिल होने और इसके शक्तिशाली संचार सुविधा होने की बात भी उन्होंने की। इस पहल के अंतर्गत एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा शीर्ष अदालत के समक्ष निजी तौर पेश होने वाले वादियों को मुकदमा ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेशों तथा निर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी।सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए इसकी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने व्हाट्सऐप नम्बर साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर कॉल या संदेश प्राप्त नहीं होंगे। निस्संदेह यह सबसे बड़ी अदालत को पेपरलेस बनाने की तरफ उठा बड़ा कदम है। तकनीक संबंधी सुविधाओं को जितनी जल्दी हो सके रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर लेना उचित होता है। प्रधान न्यायाधीश निरंतर अदालती काम को लेकर ऐसी व्यवस्थाएं दे रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जजों में सबसे ज्यादा फैसले लिखने का रुतबा प्राप्त है। छह वर्ष के भीतर 513 फैसले लिख चुके हैं। न्याय व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर उन्होंने बड़े कदम उठाए हैं। विभिन्न फैसलों को उन्होंने क्षेत्रीय भाषा में अनुदित करवाने की व्यवस्था करके तथा हिन्दी, तमिल, उड़िया और गुजराती में फैसलों का अनुवाद करने के लिए समिति का गठन भी किया।देश में 48 करोड़ से अधिक व्हाट्सऐप प्रयोगकर्ता हैं, जो 2025 तक 80 करोड़ तक पहुंचने का अंदाजा है। हालांकि व्हाट्सऐप मेटा टेक्नॉलाजी कंपनी की सुविधा है, जिसके सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। किसी भारतीय संचार संस्थान को इस जरूरत को समझते हुए आगे कदम बढ़ाने की सख्त जरूरत है।सरकार, देश के अन्य बड़े संस्थान और गोपनीय दस्तावेज के लिए देसी तकनीक का प्रयोग किया जाना उचित है। तकनीक के मामले में हम दूसरों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके तकनीक का इस्तेमाल सुविधाओं के लिए करना वक्त की मांग है, इसके बिना काम नहीं चल सकता।

# मुंबई की छह लोकसभा सीटों पर क्या सत्तारुढ़ शिवसेना-बीजेपी-एनसीपी के लिए इस बार फँस गया है मामला?

**"मुंबई दक्षिण,मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में दोनों शिव सेनाओं के बीच मुकाबला होगा,जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा बनाम शिवसेना (यूबीटी) का आमना-सामना होगा....मुंबई दक्षिण में उद्धव ठाकरे के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से मुकाबला करेंगे..."**

मुंबई में छह संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक लड़ाई का मैदान सज चुका है और दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप के तीर एक दूसरे पर चलाये जा रहे हैं। छह में से तीन सीटों पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना आमने सामने हैं तो बाकी की तीन सीटों में से दो पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से होगा और एक सीट पर भगवा पार्टी शिवसेना (यूबीटी) से भिड़ेगी। हम आपको बता दें कि मुंबई में छह निर्वाचन क्षेत्र हैं- मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व और मुंबई उत्तर-पश्चिम। मुंबई की छह सीटें महाराष्ट्र की उन 13 सीटों में से हैं जिन पर 20 मई को पांचवें और अंतिम चरण में मतदान होगा।

मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में दोनों शिव सेनाओं के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा बनाम शिवसेना (यूबीटी) का आमना-सामना होगा। मुंबई दक्षिण में उद्धव ठाकरे के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से मुकाबला करेंगे। यामिनी जाधव मुंबई के बायकुला विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल देसाई का मुकाबला मुंबई दक्षिण-मध्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के राहुल शेवाले से है। हम आपको बता दें कि अनिल देसाई हाल तक राज्यसभा सदस्य थे, वहीं राहुल शेवाले मौजूदा लोकसभा सदस्य हैं। इसके अलावा, मुंबई उत्तर-पश्चिम में उद्धव ठाकरे खेमे के अमोल कीर्तिकर का मुकाबला सत्तारुढ़ शिवसेना के रवींद्र वायकर से होगा। रवींद्र वायकर पहले शिवसेना (यूबीटी) में थे, वह हाल ही में शिंदे खेमे में शामिल हुए हैं। वह वर्तमान में मुंबई में जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।



इसके अलावा, कांग्रेस विधायक वर्षा गायकवाड़, जो पार्टी की मुंबई इकाई की अध्यक्ष भी हैं वह मुंबई उत्तर-मध्य में भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम के खिलाफ लड़ रही हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता पीयूष गोयल मुंबई उत्तर में कांग्रेस के भूषण पाटिल से मुकाबला करेंगे। हम आपको बता दें कि वर्षा गायकवाड़ जहां मुंबई में धारावी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, वहीं पीयूष गोयल राज्यसभा सदस्य हैं। इसके अलावा, मुंबई नॉर्थ-ईस्ट में भाजपा के मिहिर कोटेचा का मुकाबला शिवसेना यूबीटी के संजय दीना पाटिल से होगा। हम आपको बता दें कि मिहिर कोटेचा मुंबई के मुलुंड विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

हम आपको बता दें कि मुंबई उत्तर-मध्य से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद, वर्षा गायकवाड़ ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। इस दौरान उद्धव ने उन्हें अपना समर्थन देने का वादा किया और कहा कि उन्हें एक सांसद के रूप में दिल्ली भेजा जाएगा। यहां एक रोचक बात यह है कि यह पहली बार होगा कि ठाकरे किसी कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देंगे क्योंकि बांद्रा स्थित उनका आवास मुंबई उत्तर-मध्य निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गौरतलब है कि कांग्रेस और शिवसेना 2019 तक मुंबई में पारंपरिक रूप से राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। वैसे प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, दोनों पार्टियां सत्ता में पद पाने के लिए कई मौकों पर रणनीतिक साझेदारी करती रही हैं खासकर मुंबई नगर निकाय में। 2019 में उद्धव ठाकरे के पाला बदलने के बाद से तो दोनों दलों के बीच अच्छी दोस्ती देखने को मिल रही है।मुंबई में विभिन्न राजनीतिक दलों की जमीनी स्थिति की बात करें तो 2014 के बाद से कांग्रेस मुंबई की सभी लोकसभा सीटें हारी है जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में वह यहां की 36 में से केवल पांच सीटें ही जीत सकी थी। मुंबई दक्षिण के पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा के शिवसेना में चले जाने और मुंबई उत्तर-मध्य की पूर्व सांसद प्रिया दत्त के दोबारा चुनाव लड़ने से इंकार करने के कारण, कांग्रेस के पास मैदान में उतारने के लिए कोई उम्मीदवार नहीं था। पार्टी नेता संजय निरुपम वहां से लड़ना चाहते थे लेकिन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में समान सीट-बंटवारा करा पाने में असमर्थ रहे कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना के लिए उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

भाजपा ने सभी तीन मौजूदा सांसदों को बदल दिया है, जबकि शिंदे की शिवसेना ने केवल राहुल शेवाले (मुंबई दक्षिण-मध्य) को फिर से नामांकित किया है। मुंबई उत्तर-पश्चिम के चुनावों में अजीब स्थिति देखने को मिल रही है क्योंकि शिवसेना ने यहां से गजानन कीर्तिकर की जगह रवींद्र वायकर को उतारा है। खास बात यह है कि गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को इस सीट से शिवसेना यूबीटी ने टिकट दिया है लेकिन गजानन कीर्तिकर का कहना है कि वह राजधर्म का पालन करते हुए अपने बेटे के खिलाफ चुनाव प्रचार करेंगे।

दूसरी ओर, हमने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान महसूस किया कि ज़मीनी स्तर पर जो तस्वीर उभर रही है, उसके अनुसार, शिव सेना (यूबीटी) और कांग्रेस कैडर के बीच ज़मीनी स्तर पर अच्छी पकड़ हो गई है और इनके कार्यकर्ता मिल कर काम करते दिख रहे हैं लेकिन चुनाव प्रबंधन के मामले में यह भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति से पीछे हैं। महायुति में शामिल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी जिस तरह सधे हुए अंदाज में चुनाव प्रचार चला रहे हैं उसका असर हर जगह दिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा भी मुंबई में रखवाई जा रही है जिससे चुनाव प्रचार की दशा और दिशा ही बदल जायेगी। इसके अलावा भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने मुंबई आकर बुद्धिजीवियों, प्रोफेशनल्स और समाज के विभिन्न वर्गों की अलग-अलग बैठकें कर उनको यह समझाना शुरू कर दिया है कि क्यों देश के लिए तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व जरूरी है। हमने सभी संसदीय क्षेत्रों में लोगों से बात की। इस दौरान सभी ने एक बात कही कि आप जहां भी जाएंगे वहां निर्माण कार्य होते हुए पाएंगे। लोगों ने कहा कि मुंबई की जरूरतों को समझ कर जिस तरह यहां विकास की परियोजनाएं लाई गयी हैं उससे आने वाले समय में सबको बड़ा फायदा होगा इसलिए हम समझते हैं कि यह सरकार चलती रहनी चाहिए। महिलाओं से तो हमने जहां भी बात की वहां पर सभी ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये। देखा जाये तो 2024 के लोकसभा चुनाव महाराष्ट्र के लिए भी बड़े मायने रखते हैं क्योंकि 2019 में हुए राजनीतिक फेरबदल के बाद यह पहली बड़ी चुनावी परीक्षा होगी। लेकिन इस परीक्षा के दौरान जिस तरह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का मुद्दा हावी है वह दर्शा रहा है कि सत्तारुढ़ गठबंधन एक बार फिर सभी सीटों पर विजय हासिल कर सकता है। वैसे तो महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच सीधी टक्कर होनी है लेकिन जिस तरह मुंबई उत्तर मध्य के चुनावी मैदान में एआईएमआईएम तथा यूपी स्थित राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल (आरयूसी) ने मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई उत्तर पूर्व से मोहम्मद सिराज इकबाल शेख को भी मैदान में उतारा है उससे भाजपा विरोधी मतों का बंटवारा होना निश्चित है जिससे भगवा पार्टी की राह आसान हो जायेगी। हम आपको बता दें कि मुंबई को मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिले में विभाजित किया गया है। मुंबई दक्षिण और मुंबई दक्षिण-मध्य निर्वाचन क्षेत्र मुंबई शहर में हैं, जबकि बाकी निर्वाचन क्षेत्र मुंबई उपनगरीय क्षेत्रों में हैं। मुंबई शहर में 24 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि उपनगरीय क्षेत्रों में 74 लाख मतदाता हैं।

**-नीरज कुमार दुबे-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# नीलू और निशी



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

जाम-कच्छार से होकर गब्दीनाला बहता था। नाले के किनारे तरह-तरह के बड़े-बड़े वृक्ष थे। हर वृक्ष पर किसी न किसी पक्षी का निवास था। एक विशाल अर्जुन वृक्ष पर नीलकंठ पक्षी- नीलू और निशी रहते थे। दोनों अपने दाम्पत्य जीवन से बहुत खुश थे। उनमें कभी मन-मुटाव नहीं हुआ। नीलू और निशी की जोड़ी पूरे जाम-कच्छार की पसंद थी।

निशी पहली बार माँ बनी थी। बड़े प्यारे चार बच्चे थे उनके। मम्मी-पापा बनने की प्रसन्नता दोनों के चेहरे पर झलकती थी। वे बच्चों का खूब केयर करते थे। दोनों अपना अधिकांश समय बच्चों के ही साथ बिताते थे। बच्चे भी बड़े प्रसन्न थे। नीलू और निशी अपने स्वस्थ व बढ़ते हुए बच्चों को देख फुले नहीं समाते थे।

नीलू और निशी दोनों हमेशा घर पर रहते थे। एक-दूसरे से बच्चों के बारे में ही बतियाते रहते थे। बच्चों के जन्म से पहले उन्हें भोजन की तलाश में जाना होता था तो वे घर से हमेशा एक साथ ही निकलते। पर इस समय नीलू को अकेला जाना पड़ता था। घर से निकलते वक्त नीलू निशी से कहा करता था...बच्चों को छोड़कर कहीं मत जाना निशी। दिन भर धूर्त कालू कौआ और गिट्टू गिद्ध मँडराते रहते हैं। रात में घुघ्घू उल्लू का भय बना रहता है। फिर निशी का जवाब होता- हाँ जी, मैं भी जानती हूँ। पर तुम्हारे अकेले जाने से मुझे डर लगा रहता है कि कहीं तुम किसी खतरे में न पड़ जाओ। हम दोनों एक साथ चलते हैं, तब की बात अलग होती है। मन में तरह-तरह की शंकाएँ आती हैं जी। ÷ इस तरह नीलू और निशी के हृदय में एक-दूसरे के प्रति अगाध प्रेम था।

नीलू और निशी को अपने इन बच्चों को देख कभी अपने बचपन के खुशी के दिन याद आ जाते, तो कभी संकट के पल। पर इस समय वे संकट के पल को भूल जाना ही उचित समझते थे। मजे की बात यह थी कि उन्होंने अपने बच्चों का एक से बढ़कर नाम रखा था-सुम्मी, प्रियू, बिट्टू और टोनी। उनकी अच्छी परवरिश करने में कोई कसर नहीं छोड़ा था नीलू और निशी ने। समय भी बीत रहा था।

एक दिन की बात है। बज्जू बाज आकाश में उड़ रहा था। वह भोजन की तलाश में था। बज्जू की दुष्टता न केवल जाम कच्छार ; वरन् आसपास के समस्त पक्षी-निवास क्षेत्र में चर्चित थी। उड़ते-उड़ते वह अर्जुन पेड़ के पास आ गया। तभी उसकी नजर नीलू व निशी के नवनिर्मित घोंसले पर पड़ी। उसे घोंसले के अंदर किसी न किसी के रहने की भनक लग गयी। मन गद-गद हो गया। नीचे उतरने लगा।

सच में इस समय निशी बच्चों के साथ घोंसले के अंदर थी। नीलू अपने घर से कुछ ही दूरी पर कसही पेड़ पर बैठा था। वह अपने मित्र पप्पू पंडूक का इंतजार कर रहा था। उसे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी लेनी थी। तभी उसने बज्जू को अपने घोंसले की ओर आते देख लिया। उसे बज्जू का इरादा नेक नहीं लगा। फौरन अपने घोंसले की ओर उड़ान भरी।

बज्जू बाज ने भी नीलू को देख लिया। उसकी खुशी दुगुनी हो गयी। उसे लगा कि चोंच भी फूल, पंजे भी फूल। भगवान जब देता है तो छप्पड़ फाड़ कर देता है। पर बज्जू नीलू के घोंसले को नुकसान पहुँचाता, इससे पहले नीलू बज्जू के आड़े आ गया। उसके नजदीक जाकर बोला- बज्जू ! तुम मेरे घर की ओर बिल्कुल नहीं जाना। मेरी पत्नी और बच्चे घर पर हैं। वैसे भी तुम्हें हमसे कोई काम नहीं है; और न हिं हमें तुमसे। घर तक बिल्कुल ही नहीं जाना। जो कुछ भी बात है, यहीं पर मुझसे कर लो।

बज्जू पंख फड़फड़ाते हुए बोला- अब तुम मिल गये, तो फिर मुझे तुम्हारे घर तक जाने की जरूरत ही नहीं है। आज तुम ही मेरा भोजन बन जाओ। यह तो अच्छा ही हुआ कि तुम स्वयं मेरे पास आ गये।

बज्जू की बातें सुन साहस जुटाते हुए नीलू बोला-तुम मुझे छू कर तो देखो। मैंने भी तुम्हें अपनी नानी याद नहीं दिलाई, तो मेरा नाम नीलू नीलकंठ नहीं; समझे ? फिर वह बज्जू को यह सोचकर उड़ते हुए अपने घर से दूर ले जाना चाहता था कि कहीं बज्जू बाज की आने की खबर निशी व बच्चों को पता न चले। वह अपने परिवार को संकट में पड़ने नहीं देना चाहता था। वहाँ से वह उड़ने लगा। आगे-आगे नीलू और पीछे-पीछे बज्जू। जब नीलू आश्वस्त हो गया कि वे दोनों घोंसले से बहुत दूर निकल चुके हैं, तब वह एक सेमल पेड़ पर जाकर बैठ गया। बज्जू भी उसी सेमल पर जा बैठा।

फिर बज्जू ने चोंच और पंजे से नीलू पर वार करना शुरू कर दिया। नीलू के पलटवार में भी कोई कमी नहीं थी। दोनों लड़ते-झगड़ते कभी टहनियों में उलझ जाते, तो कभी पेड़ से जमीन पर गिर जाते। देखते ही देखते दोनों लहुलुहान हो गये। चोंच और पंजे तक छिल गये। बज्जू बाज सोचने लगा कि पहली बार अपने बराबर वाले से उसका टक्कर हुआ है। उसे नहीं लगा था कि एक नीलू नीलकंठ के लिए उसे इतना खून-पसीना बहाना पड़ेगा। उसे दिन में तारे नजर आने लगे।

नीलू भी पीछे हटने का नाम नहीं ले रहा था, पर पस्त हो गया था। वह यह भी जानता था कि बज्जू बाज से उसकी हार निश्चित है। पर उसके मन में एक ही बात दृढ़ थी कि बिना लड़े हार मानना बुजदिली है। पीछे हटना भी मरना ही है। इस दुष्ट को पता चले कि किसी ने उसे टक्कर दिया। इसे अपनी दुष्टता के परिणाम से अवगत होना चाहिए। किसी निरीह परिन्दे पर हमला करने से पहले दस बार सोचेगा। इस तरह दोनों बहुत देर तक लड़ते ही रहे।

उसी समय नन्हे मनु बया ने बज्जू और नीलू को झगड़ते देख लिया। तुरंत उसने सिवनी अमराई जाकर रानी कोयल को बताया- रानी दीदी... रानी दीदी ! बज्जू और नीलू अंकल दोनों खूब लड़-झगड़ रहे हैं। तुम कुछ करो न दीदी।

ठीक है। तुम उधर बिल्कुल मत जाना। मैं कुछ करती हूँ। रानी कोयल ने मनु बया को सख्त हिदायत दी; और वहाँ से उड़ गयी।

रानी और निशी बज्जू व नीलू के पास पहुँचे। उन्होंने बज्जू-नीलू को रोकने की बहुत कोशिश की। पर नाकाम रहे। खून से लथपथ नीलू ने निशी को अपने नजदीक आने से मना करते हुए कहा- निशी ! तुम यहाँ से जाओ। बच्चों को घर पर छोड़ कर क्यों आयी। जाओ घर। तभी अचानक नीलू के गरदन के नीचे हिस्सा पूरी तरह से बज्जू की नुकीली चोंच के पकड़ में आ गया। फिर नीलू की हालत देख निशी से रहा नहीं गया। आव देखा न ताव। बज्जू पर बिजली की तरह टूट पड़ी। नीलू और निशी के वार से बज्जू की हालत खराब हो गयी। उसका शरीर जवाब देने लगा। मुर्छा छाने लगी। मुर्छित अवस्था में ही बज्जू की साँसें उखड़ गयी।

फिर नीलू और निशी पंख फैलाये एक-दूसरे को चोंच से सहलाने लगे। दोनों की आँखों से प्रेम की अश्रुधारा फूट पड़ी।



प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# समूचा विश्व भयाक्रांत

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ खतरे की घंटी हैं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से समूचा विश्व भयाक्रांत है।हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिए आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही हैं। शक्ति संतुलन के लिए शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता क्योंकि इससे अपव्यय तो होता ही है, साथ ही गलत हथियारों के हाथों में पड़कर दुरुपयोग की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, दूसरी तरफ इस्त्राइल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में सवाल स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल और भी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले भी हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च का बढना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिंताजनक है।रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध ने देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तो अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नम्बर पर हैं। पिछले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा।अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका ने दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिए जिस अपसंस्कृति को दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड ऑर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है।लगता है कि विश्व मानव' का दम घुट रहा है, और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडंबना देखिए,अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है, लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी देश में नहीं हैं। कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोगों को मार डाला। 2014 में अमेरिका में हत्या के दर्ज सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद मामलों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।दरअसल, मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना जरूरी है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक या दूसरे देश की जीत नहीं, बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिए कराया है। युद्ध से तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा जो दुनिया की बड़ी चिंता का सबब है। बड़े शक्तिसंपन्न देशों को युद्ध विराम के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता हैं, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसंपन्न देशों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की आशंकाएं मैदान में, समुद्र में, आकाश में तैरती रहेंगी।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# यादें



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद छत्तीसगढ़

सूरज उगल रहा है चहूँ ओर आग!
मध्य दिन लग रहा है वीरान बाग!!
वाता अनुकूलित है पेड़ की छांव!
उष्ण देख याद आता है मेरा गांव!!
सरगी की बहती ओ पतली धारा!
मौहारी कछार की हरियाली सारा!!
सरगी की गोल तरबूज की मिठास!
कंद की साइज
होती थी बड़ी खास!!
फूलवारी अमवारी मे
बच्चों का जमावाड़ा!
देख लगता ऐसा
कोई हो वह खास अखाड़ा!!
गिलहरी चूहा पंछी रहते सदमे मे!
कब आ जाए हम
किसके डंडे मे!!
चलती तेज आंधी
गिरते जब आम!
घर से थैला लिए
दौड़ते बिनते आम!!
मिट्टी और छप्पर का
सुन्दर सा मेरा घर!
वाता अनुरूप होता था
जिनका असर!!
खूब गिरता पानी नदी नाले
उफान मारता!
तट पर यात्री नाव व मल्हार
को निहारता!!
ठंड में सजाती दादी गोरसी
अलाव की!
व्यंजनों में स्वाद अलग होती
पुलाव की!!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# मतदाताओं के लिए मतदाता

बंगाल में मतदाता दुविधा में फंस गए हैं. वे किसे वोट देते हैं? दो प्रमुख दावेदारों में से एक, घटियापन की एक उभरती गाथा में फंस गया है। सबसे ऊपर, कई क्षेत्रों में सरकारी नौकरियों की बिक्री, सबसे भयावह रूप से स्कूली शिक्षा में। इसका चरमोत्कर्ष मध्य चुनाव में हुआ और 25,000 से अधिक लोगों को अपनी नौकरियाँ खोनी पड़ीं, हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि कई लोगों को वास्तव में योग्यता के आधार पर नियुक्त किया गया था। बहुत बड़ी संख्या में जिन्हें पहली बार में ही नौकरी से वंचित कर दिया गया, उनके मन में और भी गहरी शिकायत है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के घिनौने खुलासों और राज्य सरकार की अयोग्य और पक्षपातपूर्ण प्रतिक्रिया से हर नागरिक विद्रोह कर सकता है। तो फिर उन्हें वोट क्यों न दें? आइए देखें कि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, जो वर्तमान में भारत पर शासन कर रहे हैं, क्या पेशकश करते हैं। वास्तव में, उनकी अपनी पेशकश-वास्तव में गारंटी - अचानक दृष्टि से गायब हो गई है। इसके बजाय, वे एक राष्ट्रीय विपक्षी दल के निकटतम दृष्टिकोण के घोषणापत्र का राग अलाप रहे हैं। लेकिन भ्रामक बात यह है कि यह उस पार्टी द्वारा जारी किया गया घोषणापत्र नहीं है, जिसका पाठ पढ़ने में सरल है। यह सांप्रदायिक विभाजन और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के कथित एक सूत्री एजेंडे वाला एक मायावी दस्तावेज़ है। प्रधानमंत्री ने स्वयं मंगलसूत्र छीनने और एक विशेष समुदाय को उपहार में सोना दिए जाने की भयावह उत्तेजक छवि के साथ हमला शुरू किया। यदि ऐसी हास्यास्पद कल्पनाएँ सामूहिक कल्पना में जड़ें जमा लें तो देशव्यापी परिणामों के बारे में सोचकर ही कांप उठता है। तो हम अपने वोटों से किसका विरोध करते हैं - भ्रष्टाचार या संघर्ष, लालच या द्वेष-यह पूरी जानकारी के साथ कि एक को बाहर करने का मतलब दूसरे को अंदर आने देना है? यहां तक कि इसे बहुत सरल शब्दों में कहें तो, लालच और हिंसा पर किसी भी पक्ष का एकाधिकार नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अन्य राज्यों में मतदाताओं को अपने स्वयं के कठिन विकल्पों का सामना करना पड़ता है। हर जगह, हम दो या दो से अधिक बुराइयों के बीच चयन करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। अनिवार्य रूप से, हम प्रत्याहार और संशयवाद में शरण लेते हैं। यहां तक कि हममें से जो लोग वोट देने जाते हैं, वे भी महसूस करते हैं कि हमें अपने विवेक की रक्षा करनी चाहिए और संबंधित मुद्दों से बहुत गहराई से नहीं जुड़ना चाहिए, जब तक कि वे वास्तव में घर तक न पहुंच जाएं, जैसा कि महत्वाकांक्षी स्कूली शिक्षक को नौकरी से धोखा दिया गया या परिवार को उसके घर से बाहर निकाल दिया गया।

**-त्रिवेणी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



# लोकतंत्र का महापर्व



**कृष्णा चौहान**
अमेरी,तह.-बरमकेला
सारंगढ़-बिलाईगढ़(छ.ग.)

नए कपड़े पहनकर हम,
वोट देने जायेंगे !
लोकतंत्र के महापर्व में,
गीत खुशी के गायेंगे!
आओ हम सब मिलजुलकर,
वोट देने जायेंगे!
मशीन में बटन दबाकर,
गुप्त मतदान करेंगे !
अपने मत से हम,
अच्छे प्रत्याशी को चुनेंगे!
कर्मठ योग्य उम्मीदवार,
सही नेता को चुनेंगे!
जो भूखमरी, गरीबी को,
देश से मिटाएंगे!
हमारा मत अनमोल हैं,
इसे हम नहीं बेचेंगे!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जीवन को अपनाना सीखो



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

जीवन की बस यही कहानी।
रंक बनें या राजा रानी।।
रोम-रोम हो जाय प्रफुल्लित।
अगले क्षण भ्रम करता विस्मित।।
कभी पीर सम घटा सताती।
नयन झड़ी जस धार बहाती।।
सहसा पुष्पित होती काया।
फिर भव सागर कसती माया।।
पृथक रहें अंबर ज्यों सारे।
सूरज ग्रह अरु चंद्र सितारे।।
सृष्टि नीति के पथ पर चलते।
एक दूसरे से ना जलते।।
शीतल-गर्म पवन के झोंके।
किसमें दम जो इनको रोके!?
नित्य धर्म है बहते रहना।
हों गतिशील सदा है कहना।।
चलती ऐसे जीवन गाड़ी।
अफसर हो या रहे अनाड़ी।।
प्रतिपल तुम मुस्काना सीखो।
जीवन को अपनाना सीखो।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# वोटिंग आज...सामग्री लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराने दल रवाना





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार की सुबह 7 से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। इससे पूर्व सोमवार को जिला मुख्यालय अंबिकापुर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। सुबह 6 बजे ही मतदान दल सामग्री वितरण स्थल पहुंचे, और विधानसभावार निर्धारित काउन्टर में जाकर सामग्री प्राप्त की तथा सामग्री मिलान पश्चात मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर संदीपान ने सुबह से ही मतदान दलों के उत्साहवर्धन के लिए वितरण स्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने सबसे पहले सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान दलों की रवानगी से पूर्व मतदान दलों को शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने शुभकामनाएं दीं तथा बेहतर तरीके से मतदान कार्य संपन्न कराने हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि आपके लिए मतदान केंद्र में सभी सुविधाएं की गई है। किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरन्त अवगत कराएं। अपने कार्य का निष्ठापूर्ण ढंग से निर्वहन करें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इसके पश्चात उन्होंने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को किया रवाना। मतदान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर सामान्य,संगवारी, युवा और सक्षम मतदान केंद्रों के मतदान दल अपने गंतव्य की ओर निकले।

### 3900 अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी

मंगलवार की सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा।

सरगुजा जिले में 6 लाख 61 हजार 706 मतदाता है। सरगुजा जिला अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 786 है। जिले में 3900 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा निर्वाचन हेतु जिले में कुल 30 महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित संगवारी मतदान केंद्र, 15 युवा प्रबंधित मतदान केंद्र, दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित कुल 3 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं 15 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में चयनित किया गया है, जिनमें विशेष सजावट किया गया है। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा मतदाता मित्र के रूप में स्काउट गाइड व एनएसएस के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में उपलब्ध होंगे। दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80. वर्ष आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई है। जिले में कुल 786 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। सबसे पहले दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए दलों को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया। इसके बाद नजदीकी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मतदानकर्मियों को दोपहर 12 बजे के बाद रवाना किया गया। जो कि शाम चार- पांच बजे तक अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच जाएंगे।

### भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला

सरगुजा संसदीय क्षेत्र से कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। इनके अलावा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से कांता मिंज, भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज, निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविंद कच्छप, उर्मिला सिंह, प्रिंस अभिषेक कुजूर और रामाधार सिंह का नाम शामिल है।

## आकर्षक थीम पर सजे मतदान केंद्र,अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित करने की गई विशेष साज-सज्जा

» सीता बेंगरा की गुफा थीम पर सजा मतदान केंद्र का द्वार,वहीं ग्रामीण विवाह मड़वा थीम,ईको फ्रेंडली मतदान केंद्र सहित अन्य आदर्श मतदान केन्द्रों में कई सुंदर सजावट

» गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेड़-पौधे की पत्तियों से बनाया गया शेड,रंगोली, दीवार लेखन, द्वार सज्जा, सेल्फी पाईंट होंगे मुख्य आकर्षण





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने आदर्श मतदान केन्द्रों को विशेष थीम आधारित मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिले में कुल 15 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में चयनित किया गया है, जिनकी सजावट निर्धारित थीम के आधार पर की गई है।

उदयपुर का मतदान केंद्र 224 मोहनपुर-2 में सजावट की थीम सीताबेंगरा रखी गई, मतदान केंद्र का प्रवेश द्वार गुफा की तरह निर्मित किया गया है, वहीं पूरे केंद्र में थीम के आधार पर सज्जा की गई है। वहीं पीवीटीजी मतदान केन्द्रों में विवाह मड़वा बनाया गया है, जिसमें फूल पत्तों, कलश, रंगबिरंगे तोरण, पर्रा-सुपा से सजावट के साथ चावल के आटे से चउंक पुराया गया है । इसी तरह अन्य केंद्रों में भी निर्धारित थीम पर सजावट कर मतदाताओं को प्रेरित करने आकर्षक सजावट की गई है। आदर्श मतदान केंद्रों सहित अन्य मतदान केन्द्रों में सेल्फी पॉइंट, रंगोली, दीवार लेखन, द्वार सज्जा, गुब्बारे एवं फूल-पत्तों से सजावट की गई है।

मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने एवं सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए अन्य केन्द्रों में शीतल पेयजल हेतु प्याऊ घर, छायादार शेड, शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष, दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था की गई है।

### ये हैं आदर्श मतदान केंद्र

जिले में 15 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में चयनित किया गया है। इनमें विधानसभा लुण्ड्रा में मतदान केन्द्र 12-रूखपुर (घंघरी), 143- बटवाही-ख,158-गंझाडाड़, 236- लोसंगी, विधानसभा अम्बिकापुर में मतदान केंद्र 08- गुमगराखुर्द, 156- भिटठीकलां-1,157- भिटठीकला-2 , 224-मोहनपुर-2, 281- मरेया, और विधानसभा क्षेत्र सीतापुर मे मतदान केन्द्र, 62-बिलासपुर-2 , 77- मुरताडाड़, 109-कुनिया-2, 134- नर्मदापुर-2, 164- उलकिया-1, और 181- पेटला-1 है।

## चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरभंजा में 5 मई को चरित्र शंका पर डंडे से सिर पर हमला कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। उसकी लाश को फावड़ा से गड्ढा खोदकर दफनाने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच घटना की जानकारी मृतका के देवर को हुई। वह इसकी रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाना में की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार मुन्ना सरोती ग्राम सरभंजा थाना कमलेश्वरपुर का रहने वाला है। इसकी पत्नी कंचिरही सरोती (29) अक्सर घर में नहीं रहती थी। इस लिए उसका पति उस पर चरित्र शंका करता था। 5 मई को भी वह घर से बाहर थी। वापस घर आई तो पति चरित्र शंका की बात कर उसके साथ लड़ाई झगड़ा करने लगा। इस दौरान पति ने डंडे से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान मुन्ना सरोती का भाई सखाराम जंगल से लकड़ी लेकर घर पहुंचा तो उसकी भाभी मृत अवस्था में पड़ी थी और भाई घर में ही शव को दफन करने के लिए गड्ढा खोद रहा था। आरोपी के भाई सखराम ने मामले की जानकारी कमलेश्वरपुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। इस दौरान आरोपी मुन्ना सरोती (30) घर में ही था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडो व शव को दफन करने के लिए खोदे गए फावड़ा को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर उप निरीक्षक अशोक शर्मा,सहायक उप निरीक्षक सहदेव राम बर्मन, प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर, आरक्षक अमित टोप्पो, कमल मरावी, जितेंद्र लकड़ा शामिल रहे।

## लवईडीह के ग्रामीण मतदाता त्रस्त... मतदान बहिष्कार का किया था ऐलान





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**


अंबिकापुर सरगुजा जिले के घुनघुट्टा डूबान क्षेत्र के लवईडीह गांव के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का एलान किया है। इस गांव में पुल नहीं होने से ग्रामीण वर्षों से मुसीबत में हैं। यह वही जगह है जहां लुंड्रा के कांग्रेस विधायक रहते चिंतामणि महाराज ने जल सत्याग्रह किया था। इस बात को दस वर्ष हो गए होंगे किंतु आज तक यहां की बदहाली नहीं सुधरी। यही नहीं पूर्व कलेक्टर ऋतु सैन ने नाव में बैठकर इस क्षेत्र का दौरा किया था और ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करने भरोसा दिया था किंतु उनके स्थानांतरण के बाद इस गांव की इस बड़ी समस्या को प्रशासनिक अधिकारियों ने दूर करने की पहल नहीं की है। सरगुजा जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम लवईडीह गांव के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में वोट नही देने का मन बना लिया है। इस गांव में कई दशक गुजर गए, बावजूद इसके 50 घरों के जीवन मुसीबत में है। मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में विधायक हो या जिला प्रशासन के अधिकारी कोई पहल नहीं कर सका। यही वजह है कि ग्रामीणों ने 07 मई को होने वाले मतदान का बहिष्कार कर दिया है। बता दें कि 17 जुलाई 2018 को तत्कालीन लुंड्रा विधायक चिंतामणि महाराज व सरगुजा लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी ने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जल सत्याग्रह किया था। लेकिन आज तक इन ग्रामीणों की समस्या को दूर नही कर पाए। जिसको लेकर भाजपा से सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज से सवाल किया गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि पहली बार विधायक बना और उसके बाद सामरी का विधायक बन गया था। उसके बाद मेरी कोई जवाबदारी नही थी कि काम हुआ या नही हुआ। लेकिन जो बाद में विधायक बने उनकी जिम्मेदारी थी और उन्हें ध्यान देना था। बहरहाल इस गांव में 50 घर और 150 मतदाता हैं। इन ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर राजनैतिक पार्टियां हो या जिले के जिम्मेदार अधिकारी किसी ने ध्यान नही दिया और अब चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। अब देखना होगा कि इस गांव के ग्रामीण मतदान करते हैं या किसी तरह का आश्वासन जिला प्रशासन द्वारा दिया जाएगा।

### ग्राम लवईडीह के बरपारा के ग्रामीण मतदान को तैयार

#### प्रशासनिक टीम ने सुना ग्रामीणों का पक्ष,मताधिकार के महत्व को बताकर दिलाई मतदान की शपथ

अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत रेवापुर के आश्रित ग्राम लवईडीह के बरपारा में ग्रामीणों द्वारा नदी में पुल निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर लोकसभा निर्वाचन में हिस्सा ना लिए जाने की सूचना संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देश पर जनपद पंचायत सीईओ श्री आरएस सेंगर सहित स्थानीय प्रशासनिक टीम गांव पहुंची। यहां पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को सुना और जल्द से जल्द निराकरण किए जाने हेतु ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने भी मतदान के लिए सहमति दी। उन्होंने ग्रामीणों को मताधिकार के महत्व को बताया और ग्रामवासियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई।

## आग अगलती रही सूर्य की किरणें,तापमान 41.2 डिग्री



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर में तापमान 41.2 डिग्री पहुंच गया है। आग उगलती सूर्य की किरणों के कारण जनजीवन प्रभावित होना शुरू हो गया है। लोग घरों से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। तेज धूम व गर्म हवा की झोंकों के कारण शरीर झुलस रहे थे। लोग गमछा या स्कार्प बांद कर घर से बाहर निकल रहे हैं। मौसम के रूख को देखते हुए लोग घरों में दुबके रहे। धूप की तल्खी व गर्म हवा के प्रकोप से न सिर्फ लोग, बल्कि पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। गर्मी से लोगों को दिन के साथ-साथ अब रात में भी राहत नहीं है। कुलर, पंखा भी बेअसर साबित हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता होने की संभावना है। इस कारण अगले दो-तीन दिनों में कुछ बादलों की आवाजाही, हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ कहीं कहीं 40 से 50 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से हवाएं भी चलने की उम्मीद है। वहीं मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के अनुसार मई के महीने में भारत के उत्तरी भूभाग पर सूर्य की किरणें प्रचंड हो जाती हैं और तापमान 40-42? के पार चला जाता है तब वहां शुष्क संवहनी धाराएं जन्म लेती हैं। इस समय पंजाब, हरियाणा आदि क्षेत्रों में पछुआ की सक्रियता से कुछ नमी की आपूर्ति लगातार होती है वहीं राजस्थान की ओर से सतही हवाएं अपने साथ भारी मात्रा में धूल के कण उठा कर इन क्षेत्रों की ओर प्रतिस्थापित करती हैं जिससे आसमान धुंधला हो जाता है। दोपहर बाद यहां शुष्क गर्जन के साथ वात झंझाएँ चलती हैं स्थानीय स्तर पर इन वात झंझाओं को आंधी कहा जाता है।

दूसरी ओर ओड़िसा, पश्चिम बंगाल, इसके नजदीकी झारखंड, बिहार आदि क्षेत्रों में भी तापमान सामान्य से ऊपर जा कर उष्ण लहर उतपन्न करती हैं तथा इन क्षेत्रों में दक्षिणी हवाएं अपने साथ बंगाल की खाड़ी से जो नमी की आपूर्ति करती हैं उससे नमीयुक्त संवहनी धाराएं जन्म लेती हैं। इन धाराओं के कारण संबंधित क्षेत्रों में कई बार प्रचंड मेघ गर्जन, भारी वर्षा और ओलावृष्टि के साथ तेज विनाशकारी हवाएं चलती हैं। इन क्षेत्रों में बैसाख के महीने में होने वाली इसी घटना को काल बैसाखी कहा जाता हईस समय मध्य भारत भी उष्ण लहरों की चपेट में आता है और यहां दोनो ही प्रकार के कनवेक्टिव (संवहनी) मौसमी गतिविधियां देखने को मिलती हैं। कभी शुष्क गर्जन तो कभी तेज वर्षा के साथ गर्जन।

### 40 से 50 किमी की रफ्तार से चल सकती है हवा

इस समय अम्बिकापुर का तापमान लगातार 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है जबकि नजदीकी झारखंड और ओडिसा में ग्रीष्म लहरें चल रही हैं। आज अम्बिकापुर का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया है। एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण अगले दो-तीन दिनों में कुछ बादलों की आवाजाही,हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ कहीं कहीं 40 से 50 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार की हवाएं भी चलती देखी जा सकती हैं।

## साक्षी, रिमझिम और आयुष का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश जुनियर बास्केटबाल टीम में

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश जुनियर बास्केटबॉल टीम में सरगुजा जिला के साक्षी तिर्की, रिमझिम मिश्रा और आयुष चौबे का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन से बास्केट बाल संघ परिवार के साथ सरगुजा संभाग के लिए खुशी की बात है। यह सभी 74 वीं राष्ट्रीय जुनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता इंदौर, मध्य प्रदेश में 8 से 14 मई तक शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला के गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर के बास्केटबॉल ग्राउंड में सुबह - शाम नियमित अभ्यास करते हुए तीनों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।



## यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर...
# सेना को दिया परमाणु हथियारों के अभ्यास का आदेश

**कीव,06 मई 2024।** रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है।

### परमाणु हथियारों को भी किया जाएगा शामिल

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है।

### लगातार दे रहे चेतावनी

बता दें,जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है।




### एकता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार

अब तक मिली जानकारी के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है। रूस की सेना का कहना है कि इसके जरिए हम यह दिखाना चाहते हैं कि अपनी अखंडता और एकता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और तत्पर हैं।

### पश्चिमी देशों से हमें खतरा

मंत्रालय ने बताया कि अभ्यास में विमान और नौसेना बल भाग लेंगे, साथ ही दक्षिणी सैन्य जिले के सैनिक भी भाग लेंगे, जो यूक्रेन की सीमा से लगा हुआ है। रूसी सेना ने कहा कि पश्चिमी देशों से हमें खतरा है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी जरूरी है। बता दें कि खुद व्लादिमीर पुतिन कई बार अमेरिका समेत उन पश्चिमी देशों को परमाणु हथियारों की धमकी दे चुके हैं, जो यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। ऐसे में अब परमाणु हथियारों के अभ्यास का फैसला अहम है।

## ब्रिटेन में बन सकते हैं त्रिशंकु संसद जैसे हालात,स्थानीय चुनाव के नतीजों के बाद पीएम सुनक ने दी चेतावनी



**लंदन,06 मई 2024।** ब्रिटेन में हुए स्थानीय चुनावों के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि विपक्षी लेबर पार्टी के नेतृत्व में देश त्रिशंकु संसद की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय चुनाव का विश्लेषण करने के बाद यह संकेत मिले हैं और यह ब्रिटेन के लिए एक खतरा साबित हो सकता है। बता दें कि ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को हाल के नगर निगम चुनावों में सैकड़ों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। पीएम सुनक ने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि इन नतीजों से पता चलता है कि देश त्रिशंकु संसद की तरफ बढ़ रहा है।

### राजनीति में खरीद-फरोख्त नहीं एक्शन जरूरी

दरअसल कुछ विश्लेषकों का कहना है कि अगर स्थानीय चुनावों की तरह आगामी आम चुनावों में मतदाताओं ने इसी तरह से मतदान किया तो लेबर पार्टी 294 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। उधर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव के लिए राजनीतिक पाठ्यक्रम में बदलाव की मांग की है, ताकि मतदाताओं का भरोसा जीता जाए। स्थानीय चुनाव के दौरान डाउनिंग स्ट्रीट में लेबर पार्टी द्वारा स्कॉटिश नेशनल पार्टी को समर्थन दिया गया था। इस समर्थन को पीएम सुनक ने खतरनाक करार देते हुए कहा कि देश की राजनीति में खरीद फरोख्त की नहीं बल्कि एक्शन की जरूरत है।

### पीएम सुनक ने स्वीकारी यह बात

सुनक ने इस बात को भी स्वीकार किया कि ब्रिटेन के लोग को बीते कुछ वर्षों में जीवनयापन की लागत और बढ़ते घरेलू बिल से निराश हो गए थे और इसका असर स्थानीय चुनावों में देखने को मिला है। सुनक ने कहा 'मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि जनता के लिए काम किया जा रहा है और हम उनके लिए हर समय खड़े हैं। बता दें कि ब्रिटेन में हुए चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी को 480 से ज्यादा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। जिनमें से अधिकांश सीटों पर लेबर पार्टी को जीत हासिल हुई।

### अपने लाल को कभी गले नहीं लगा सकता
# हादसे में मां-बाप-बेटे को खोने वाले पिता का दर्द,कहा-मेरे पास शब्द नहीं

**टोरंटो,06 मई 2024।** हम अपने तीन माह के बेटे को अब कभी गले नहीं लगा सकते हैं। हमारे जहन में सिर्फ उसी की बातें चलती रहती हैं। पूरे घर में सिर्फ उसके खिलौने और कपड़े बिखरे हुए हैं। मेरे अंदर इतनी हिम्मत भी नहीं है कि मैं उस घर में घुस जाऊं क्योंकि पूरा घर इकलौते बेटे की यादों से भरा हुआ है। अपने दुख को बताने के लिए मेरे पास शब्द ही नहीं बचें.यह कहना है उस पिता का, जिसने पिछले सप्ताह एक सड़क हादसे में अपने माता-पिता और इकलौते बेटे को खो दिया।




### क्या है पूरा मामला

मामला कनाडा का है। दरअसल, पिछले सोमवार को ओन्टारियो के बोमनविले में एक कथित शराब की दुकान में डकैती हो गई थी। पुलिस आरोपी का पीछा कर रही थी। आरोपी गलत दिशा में गाड़ी भगा रहा था। इस दौरान टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर दूर व्हिटबी में राजमार्ग 401 पर आरोपियों की गाड़ी सामने से आ रहे गोकुलनाथ मणिवन्नन के परिवार से टकरा गई। हादसे में गोकुलनाथ के अलावा, सिर्फ उनकी पत्नी अश्विता जवाहर ही बच पाईं। हालांकि, अश्विता गंभीर घायल है। पुलिस का कहना है कि डकैती का संदिग्ध आरोपी 21 साल का था,जो मारा गया। हादसे के बारे में गोकुलनाथ का कहना है कि हादसे की अमिट छाप जिंदगी भर के लिए उनके दिलों-दिमाग पर छप गई है।

### मेरी मां बहुत खुश थीं

गोकुलनाथ ने आगे बताया कि मेरे पिता हाल ही में रिटायर हुए थे। अपने पोते के साथ खेलने के लिए वे काफी उत्सुक थे। उन्होंने हंसी-मजाक में 2024 को दादा-दादी की मौज-मस्ती का साल कहा था। मेरी मां बहुत खुश थी कि वह अपने पोते और बेटे के साथ एक साथ समय बिताएंगी।

### माता-पिता दो दिन पहले ही चेन्नई से यहां आए थे

मीडिया को दिए गए एक बयान में गोकुलनाथ ने कहा कि हमारे पास अपने दिल का हाल बताने के लिए शब्द नहीं है। मैं अब अपने इकलौते बेटे आदित्य को कभी गले से नहीं लगा सकता,यह सुनकर ही दिल कांप उठता है। पूरा घर उसके खिलौनों और कपड़ों भरा हुआ है। मेरे अंदर इतनी हिम्मत भी नहीं कि मैं उस घर में जाऊं। पूरा घर उसकी यादों से भरा हुआ है। मेरे माता-पिता हादसे से दो दिन पहले ही चेन्नई से यहां आए थे।

## अवमानना के आरोप में एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप पर जुर्माना,अदालत ने दी जेल भेजने की चेतावनी

**वाशिंगटन,06 मई 2024।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को अमेरिका की एक अदालत ने अवमानना का दोषी मानते हुए ट्रंप पर एक बार फिर जुर्माना लगाया है। साथ ही अदालत ने उन्हें जेल भेजने की चेतावनी भी दी है। गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए उन्हें एक हजार अमेरिकी डॉलर जुर्माने के रूप में भरने होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है।



सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जुआन मर्चन ने कहा कि गैग आदेश के उल्लंघन के लिए एक हजार डॉलर का जुर्माना पूर्व राष्ट्रपति को नहीं रोक पा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है ट्रंप के कारावास पर विचार करने के लिए मजबूर होना होगा। बता दें, सोमवार को गुप्त धन मामले की सुनवाई का 12वां दिन था।

### उल्लंघन के नौ मामलों में आरोपी पाए गए ट्रंप

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले तीस अप्रैल को अदालत ने ट्रंप को नौ हजार डॉलर का अर्थदंड सुनाया था। अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना। बता दें, गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। लेकिन वे हमेशा कहते रहे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं।



## अर्पिता सिंह को मिला मिसेस इंडिया अर्थ 2024 का खिताब

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

06 मई। एस.एस. फाउंडेशन के तत्वाधान में गोवा में स्थित होटल नीलम द ग्रेंड में इंडिया इंटरनेशनल 2024 का आयोजन किया गया जिसमें पूरे देश के अलग अलग राज्यों से आये प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में अम्बिकापुर की अर्पिता सिंह ने मिसेस इंडिया अर्थ का खिताब जीता।

इस कार्यक्रम में सेलेब्रिटी गेस्ट आदित्य खुराना व शिखा साहू उपस्थित रहे। अर्पिता सिंह ने इससे पहले भी 2023 में दिल्ली में आयोजित गृहलक्ष्मी मिसेस इंडिया में मिसेस इंडिया फोटोजेनिक का खिताब जीता था। अर्पिता सिंह पेशे से माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं तथा सूरजपुर के जिला अस्तपताल में पदस्थ हैं। इनकी इस सफलता पर पूरे क्षेत्र और परिवार में हर्ष का माहौल है।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में गोलीबारी,सात लोग घायल

**लॉस एंजिल्स, 06 मई 2024।** अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया के बंदरगाह शहर लॉन्ग बीच स्थित एक नाइट क्लब के बाहर हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गए।अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना शनिवार देर रात घटित हुई। लॉन्ग बीच पुलिस विभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार शनिवार रात करीब 11~15 बजे गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी।



मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कई पीड़ितों को देखा और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करना शुरू कर दिया। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया गया। सभी सात पीड़ित वयस्क पुरुष हैं। घायलों में से तीन को गैर-जानलेवा चोटें आईं, जबकि चार अन्य की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि कम से कम दो पुरुष संदिग्धों ने लोगों के एक समूह पर गोलियां चलाईं और गोलीबारी के तुरंत बाद संदिग्ध इलाके से भाग गए। पुलिस जासूस इस घटना की जांच कर रहे हैं।

# दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत,शव देख परिजन सदमें में

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

सूरजपुर जिले में दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई है। डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीम ने रेस्क्यू कर दोनों बच्चों के शव को पानी से बाहर निकाला। फिलहाल बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के नैनपुर का मामला है।

जानकारी के मुताबिक,नैनपुर गांव में रहने वाले 3 बच्चे पास के ही रेड नदी में नहाने के लिए गए थे। नहाने के दौरान दो बच्चे अचानक गहरे पानी में पहुंच गए और डूब गए।



वहीं तीसरे बच्चे ने किसी तरह पानी से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। उसने तत्काल गांव वालों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने कोतवाली थाना क्षेत्र में सूचना दी। इसके बाद DDRF ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया।

बताया जा रहा है कि हादसा लगभग शाम 4:30 की है। मृतक बच्चों के नाम रितिक (9 साल) और नमन (10 साल) हैं। दोनों नैनपुर गांव के ही रहने वाले थे। सूचना पर डीडीआरएफ की टीम ने दोनों बच्चों के शव को बाहर निकाला। बच्चों की डूबने की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। दोनों बच्चो की मौत से पूरे गांव और परिवार में मातम का माहौल है।

# इंस्टाग्राम पर नाबालिग लडक़ी का फोटो डालकर बदनाम करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

इंस्टाग्राम पर नाबालिग लडक़ी का फोटो डालने व अश्लील गाली गलौज किए जाने के कामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार राजा सोनी शहर के केनाबांध का रहने वाला है। इसकी पूर्व से जान पहचान एक नबालिग लडक़ी से थी। दोनों के बीच मोबाइल से बातचीत होती थी। 30 अप्रैल से 4 मई के बीच राजा सोनी द्वारा बदनाम करने के नियत से नाबालिग लडक़ी का फोटो इंस्टाग्राम पर डालकर परेशान कर रहा था। मना करने पर पीड़िता व उसके परिजन को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। परेशान होकर पीड़िता ने 5 मई को मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी राजा सोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में कोतवाली उप निरीक्षक रम्भा साहू,प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह,सिया राम मरावी,महिला आरक्षक सरस्वती सिंह, आरक्षक प्रमोद सिंह, शिव राजवाड़े, राजेंद्र गढ़ेवाल शामिल रहे।




# नाबालिग से जबरन दुष्कर्म के मामले में आरोपी को किया गया गिरफ्तार

» थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना की गई थी कारित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत गंभीर अपराधों मे संलिप्त संदेहियो/आरोपियों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया द्वारा दिनांक 30/04/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थिया क़े जानपहचान का युवक तपेश्वर गिरी प्रार्थिया कों पसंद करने की बात बोलकर शादी कर अपने घर ले जाने की बात कुछ माह पूर्व से बोल रहा था कि घटना दिनांक 15/04/24 कों तपेश्वर गिरी प्रार्थिया क़े घर आकर प्रार्थिया कों पसंद करने एवं शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं एवं घटना दिनांक क़े पश्चात भी आरोपी द्वारा लगातार तीन दिनों तक पिड़िता क़े साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं, मामले मे पिड़िता की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 280/24 धारा 376(2)(ढ),376(3) भा.द.वि. एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले क़े आरोपी क़े सम्बन्ध मे मुखबीर तैनात किये गए थे, जो पुलिस टीम क़े सतत प्रयास से मामले क़े आरोपी तपेश्वर गिरी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम तपेश्वर गिरी उम्र 24 वर्ष साकिन केपी ऊपरपारा थाना अम्बिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना क़े सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी क़े विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना कोतवाली से उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज,प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी,महिला आरक्षक शांति लकड़ा,सरस्वती सिंह, आरक्षक राजेंद्र गढ़ेवाल,प्रदीप शामिल रहे।




# आज सुबह 7 बजे से 306 मतदान केंद्रों में 2 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

**मतदान केंद्रों में छाया,पानी सहित अन्य समुचित व्यवस्था,कलेक्टर विनय लंगेह ने मतदान अधिकारियों को मिठाई खिलाकर किया रवाना,मतदान दलों का ग्रामीणों ने की बाजे व पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत**





**-संवाददाता-**
**कोरिया,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**
कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 6 मई को मतदान सामग्री वितरण केंद्र शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला, बैकुंठपुर से बैकुंठपुर विधानसभा के अंतर्गत 278 तथा सोनहत(आंशिक) विधानसभा के अंतर्गत 78 मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह विधिवत पूजा कर,दूरस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दलों के अधिकारियों व वाहनों को सुबह 9.10 बजे मिठाई खिलाकर रवाना किए। इसी तरह महिलाओं के नेतृत्व में संचालित होने वाले संगवारी मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहनों को लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रेक्षक पगारे तथा कलेक्टर लंगेह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने सेक्टर ऑफिसर से तत्काल संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सुचारू रूप से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में मतदान दल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र में निष्पक्षता,स्वतंत्र व शांति पूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश व प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान के अनुसार सावधानी पूर्वक मतदान कार्य सम्पन्न करें। उन्होंने सभी वाहन चालकों से कहा कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। विदित हो कि जिले में दस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन 10 मतदान केंद्र चरचा- कालरी क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 02, 03, 06, 07, 08, 09 एवं 11 तथा छरछा केंद्र क्रमांक 32 तथा ग्राम पंचायत चेर व जनकपुर को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। इन संगवारी मतदान केंद्रों का संचालन पीठासीन सहित अन्य सभी महिला कर्मियों द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। बता दें कोरिया जिले में 2 लाख 7 हजार 292 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 941 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 344 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 7 है।

### मतदान केंद्रों में मतदान दल सकुशल पहुंचे

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सुबह से मतदान दलों को वितरित किए जा रहे मतदान सामग्री वितरण कार्यों का लगातार निरीक्षण करते रहे। सामग्री वितरण परिसर में मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए कूलर, पंखा, पानी की व्यवस्था की गई थी। मतदान सामग्री लेकर निकले मतदान दल के अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों में सकुशल पहुंच चुके हैं।

### मतदान दलों का ग्रामीणों ने की स्वागत

आदर्श मतदान केंद्र प्राथमिक शाला सलगंवा कला, छिंगुरा, जोगिया, पटना, अमला, रनई, महोरा, अंगा, चरचा आदि मतदान केंद्रों में मतदान दलों का ढोल-नगाड़े, बाजे, रुली चंदन, गुलदस्ता, पुष्प गुच्छ एवं माला भेंट कर स्वागत किया गया। मतदान केंद्रों में पानी, छाँव व विश्राम कक्ष की व्यवस्था की गई है।




## लोकतंत्र का महापर्व-जिले में शानदार तरीके से हुआ मतदान दलों का स्वागत

**-संवाददाता-**
**कोरिया,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**
जिले में 7 मई 2024 को मतदान होना है जिसे संपन्न कराने हेतु सोमवार को सभी मतदान केदो में मतदान दल पहुंच चुके हैं। मतदान दल के पहुंचने पर कई पोलिंग बूथ में शानदार नजारा देखने को मिला जहां ग्राम वासियों के द्वारा बेहद ही खूबसूरत अंदाज में पोलिंग पार्टी का स्वागत किया गया। स्वागत का यह नजारा देख निश्चित रूप से ऐसा लग रहा है जैसे कि सभी बढ़-चढ़कर इस महापर्व में शामिल होने हेतु आतुर हैं। ऐसा ही एक मनमोहक नजारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत महोरा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रांगण में पहुंचे मतदान दलों का स्वागत देखने को मिला। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत की सचिव श्रीमती जूही गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग से पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता दीपक पांडेय, सुश्री रीता राजवाड़े, बीएलओ श्रीमती पुष्पा भगत एवं श्रीमती सोनामती साहू, पंचायत ऑपरेटर महेश तिवारी गणमान्य नागरिकगण एवं युवा मतदाता सुश्री पूर्णिमा सिंह, पूजा सिंह, धनेश्वरी सोनपाकर, यशोदा सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने पुष्पहार भेंट कर मतदान दल के सदस्यों का स्वागत किया।

# एसएलडब्ल्यूएम सेंटर निर्माण में भारी अनियमित...निर्माण एजेंसी पंचायत लेकिन काम कर रहे भाजपा कार्यकर्ता

**एसएलडब्ल्यूएम सेंटर निर्माण में फ्लाई एश ब्रीक्स की जगह लग रहा लाल ईंट वहीं बिना बेटरबीम भी तैयार हो रहा भवन**

**चार लाख का एसएलडब्ल्यूएम सेंटर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य के कारण चढ़ रहा भ्रष्टाचार की भेंट**

**पंचायत में एसएलडब्ल्यूएम सेंटर सिर्फ निर्माण तक ही सीमित इसका लाभ शून्य**

### भवन निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल

रेता में रेता कम मिटी की मात्रा अधिक है। भाजपा पार्टी के युवा नेता के द्वारा गुंडागर्दी के साथ काम कराया जा रहा है। सरपंच और सचिव इस कार्य में मौन है। ग्रामीणों के भारी रोष है। उनका कहना है कि अगर कार्य एजेंसी खुद नही कराती हैं और वर्तमान में जिसके द्वारा कार्य कराया जा रहा है उसे नही हटाती है तो इसकी शिकायत जनदर्शन में कलेक्टर से किया जाएगा। इस भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा मनरेगा के कई निर्माण कार्यो में बिना काम किए फर्जी मास्टररोल भरवा के भ्रष्टाचार किया गया है। जिससे इसके बैंक खाते और इसके चाहने वालों दोस्त और जान पहचान के खाते में बिना काम के फर्जी तरीके से पैसा डलवाकर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी जांच किया जाए तो शासन के पैसा का दुरुपयोग कितना किया गया है इसका पता जनता को चल सकता है।





**-संवाददाता-**
**कोरिया,06 मई 2024 (घटती-घटना)।**
जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत बरदिया ग्राम पंचायत के पीपरडांड गांव में चार लाख की लागत से एसएलडब्ल्यूएम केंद्र के लिए भवन तैयार किया जा रहा है पर इस केंद्र के भवन का निर्माण गुणवत्ता विहीन किया जा रहा है शासकीय पैसे से बनने वाला यह भवन जिसमें फ्लाईऐश ईट लगाना था उसमें लाल ईंट का उपयोग किया जा रहा है वही मजबूती के लिए बेटरबीम की जरूरत होती है वह भी नहीं दिया जा रहा है, यहां तक की गुणवत्ता विहीन भवन निर्माण सामग्री का भी उपयोग किया जा रहा है जिससे भवन निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच सचिव किसी बीजेपी कार्यकर्ता को निर्माण कार्य देकर इसका निर्माण करा रहे हैं जिस वजह से इस भवन का निर्माण पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन हो रहा है जिसकी गुणवत्ता की जांच भी होनी जरूरी।

### ग्राम पंचायतों में एसएलडब्ल्यूएम सेंटर की उपयोगिता शून्य,निर्माण केवल निर्माण की राशि के बंदरबांट के लिए

देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में एसएलडब्ल्यूएम सेंटर की उपयोगिता शून्य है। पटना जैसे शहरीकृत ग्राम पंचायत में यह योजना असफल हो चुकी है और कचरा न कोई उठाने तैयार है न ही कोई कचरा उठाने वाले को पैसा देने को तैयार है। अब सवाल यह उठता है की जब ग्राम पंचायत में एसएलडब्ल्यूएम सेंटर की उपयोगिता ही नहीं है वहीं यह भवन बनकर बाद में खंडहर में ही तब्दील होना है तो शासन के पैसे का दुरुपयोग करने की जरूरत क्या है।वैसे एसएलडब्ल्यूएम सेंटर पटना पंचायत का देखा जा सकता है जो लगातार तालाबंद स्थिति में है अब पीपरडांड में इसकी क्या उपयोगिता होगी यह सोचने वाली बात है।

### क्या भाजपा कार्यकर्ता भी निर्माण कार्य के करेंगे भ्रष्टाचार,क्या सुशासन केवल कहने की बात पार्टी के लिए स्लोगन मात्र ?

पीपरडांड का एसएलडब्ल्यूएम सेंटर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा बनाया जा रहा है। एसएलडब्ल्यूएम सेंटर का निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन ढंग से जारी है वहीं निर्माण सामग्री भी ऐसा उपयोग किया जा रहा है जो निर्माण को बिल्कुल कमजोर करने वाला है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है की क्या भाजपा शासनकाल में भाजपा नेता भ्रष्टाचार के सहारे अपनी जेब भरेंगे वहीं सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त देश की बातें पार्टी के लिए कहने वाली मात्र बात है स्लोगन मात्र है। अब देखने वाली बात है की क्या खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन और भाजपा विधायक इस ओर देंगे ध्यान क्या होगा निर्माण गुणवत्ता के साथ।

### क्या शाहिद खान सचिव जहां रहेंगे वहां गुणवत्ता विहीन कार्य होगा ?

पीपरडांड ग्राम बरदिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है वहीं यहां वर्तमान में ग्राम पंचायत सचिव शाहिद खान हैं जो काफी सुर्खियों में रहते हैं अपनी कार्यप्रणाली को लेकर। यह जहां जहां नियुक्त रह चुके हैं वहां वहां यह सुर्खियां बटोर चुके हैं। यह गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराने में माहिर हैं इसलिए एसएलडब्लूएम सेंटर निर्माण में लाल ईंट और गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग हो रहा है। वैसे यह ऐसे सचिव भी हैं जिन्हे जल्दी कोई सरपंच अपने ग्राम पंचायत में नियुक्त नहीं होने देना चाहता और वह जानता है की इनके आते ही गुणवत्ता से समझौता तय है। वैसे अधिकारियों से सेटिंग में भी यह माहिर हैं और जिसके कारण इनका जुगाड बन जाता है और यह बचे रहते हैं।

### जहां जहां शाहिद खान सचिव रहे हैं नियुक्त वहां वहां शिकायतें रही हैं

शाहिद खान सचिव जहां जहां नियुक्त रहे हैं वहां वहां शिकायतें हमेशा रही हैं। शाहिद खान की कार्यप्रणाली को लेकर हमेशा सुर्खियां बनी रही हैं। शाहिद खान जिले के या संभाग के उन गिने चुने ग्राम पंचायत सचिवों में से एक हैं जो काफी प्रसिद्ध हैं अपनी कार्यप्रणाली को लेकर। शाहिद खान संपत्ति अर्जित करने में भी ग्राम पंचायत सचिवों में नंबर वन पर हैं और काफी संपत्ति अर्जित कर चुके हैं।

# सज-धज के तैयार हुआ जिले का मतदान केंद्र

## 728 मतदान केन्द्रों में मतदाता आज करेंगे मतदान







-संवाददाता-
सुरजपुर,06 मई 2024 (घटती-घटना)।
तीसरे चरण लोकसभा आम निर्वाचन 2024 मतदान दिवस के लिए जिले के 728 मतदान केंद्र मतदाताओं के लिए तैयार कर लिए गये है। जिसमें आदर्श मतदान केंद्र जहां प्रकृति को समर्पित नजर आएगा वहीं संगवारी मतदान केंद्र में महिला मोर्चा सम्भालेगी। सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, छांव के लिए शेड, ओआरएस कॉर्नर और दिव्यांगजनो के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई। जिले में शा.उ.मा.वि. कन्या सूरजपुर, प्रा.शा. रजबहर, प्रा.शा.चंदौरा, प्रा.शा. जरही को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में और शा.उ.मा.वि. कन्या विश्रामपुर, शा.उ.मा.वि. कन्या भटगांव, सेजेस प्रतापपुर को संगवारी मतदान केंद्र के रूप में मतदाताओं की प्रतिक्षा कर रहें है, जहां पहुंच कर मतदाताओं को निसंदेह अलग अनुभव प्राप्त होगा।

मतदान केंद्र में दिखेंगे सेल्फी जोन- मतदान केंद्र में आए मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन बनाए गये है। जहां अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदाता सेल्फी ले सकेंगे, इसके साथ ही लोकतंत्र की निर्माण में सहभागिता का प्रदर्शन कर सकेंगे ।

एनएसएस व स्काउट मतदाता मित्र बनकर करेंगे सहयोग- मतदान केंद्र में आने वाले वृद्धजन, गर्भवती महिला व दिव्यांगजन के सहयोग के लिए एनएसएस व स्काउट के युवा मतदाता मित्र बनकर मतदान की प्रक्रिया में उनकी सहयोग करेंगे। जिसके लिए जिले से 647 एनएसएस व स्काउट गाइड को दायित्व सौंपा गया है।

वृद्ध व दिव्यांगजनो के लिए मतदाता रथ- इस बार जिले के वृद्ध (85 प्लस) व दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान केंद्र पहुंचने में सुविधा हो इसके लिए निशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई, जिसे मतदाता रथ का नाम दिया गया है। इसके लिए आपको 1950 नंबर डायल कर अपनी बुकिंग करानी है। इसके साथ ही एनयूएलएम सूरजपुर की सीआरपी द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को मतदान रथ के लिए पंजीयन भी कराया जा रहा है, प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार लगभग 100 लोगों द्वारा मतदान रथ का पंजीयन करा लिया गया है।

जिले में कुल 728 मतदान केंद्र है। जिसमें 53 शहरी व 675 ग्रामीण मतदान केंद्र स्थापित है। इन मतदान केंद्रों में 15 आदर्श, 25 संगवारी, 03 दिव्यांग प्रबंधित व 13 युवा प्रबंधित मतदान केंद्र शामिल है।

## 3640 मतदान दल 154 गाड़िया में 728 मतदान केंद्र के लिए हुए रवाना

### दूरस्थ अंचल में स्थित मतदान केंद्र वाले दलों को पहले किया गया रवाना








लोकसभा आम निर्वाचन 2024, तीसरे चरण के अंतर्गत 07 मई को मतदान होना है। जिसके लिए आज सूरजपुर जिले में स्थापित आईटीआई पर्री स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री एकत्रित कर मतदान दल अपने चिन्हित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। आईटीआई पर्री से 3640 मतदान दल जिले के तय 728 मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। समय से पहले सभी दल मतदान सामग्री के साथ अपने चिन्हित मतदान केंद्र में पहुंचाना सुनिश्चित करें, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देश अनुरूप पूर्व से ही योजना बना ली गई थी। जिसका सभी संबंधित अधिकारियों ने परिपालन कर इस कार्य को मूर्तरूप दिया। मतदान सामग्री वितरण और मतदान दल के मतदान केंद्र की रवानगी के अंतिम प्रक्रिया तक जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र पैकरा व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

सभी मतदान दल आज होने वाले मतदान दिवस 07 मई के लिए उत्साहित और ऊर्जावान दिखाई दिये। मतदान सामग्री वितरण के लिए विधानसभा वार स्टॉल बनाये गये थे। जिससे मतदान सामग्री का वितरण बहुत ही सुगमता पूर्वक हुआ। मतदान सामग्री प्राप्त कर पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने सेक्टर और जोनल अधिकारी को रिपोर्ट की गई । जिसके पश्चात वो अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी उपस्थित जनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और सभी अपने कार्य को निष्ठा व ईमानदारी से करे इसके लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

मतदान केंद्र रवानगी के लिए तय दल सुबह 05:30 बजे ही आईटीआई पर्री पहुंच गया था। जिसके तुरंत पश्चात सामग्री वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। मतदान दल के लिए पार्किंग क्षेत्र में कुल 154 गाड़िया खडी थी। जिसमें प्रेमनगर के लिए 51, प्रतापपुर के लिए 34 व भटगांव के लिए 69 गाड़िया निर्धारित की गई थी। जिनमें मतदान दल की रवानगी मतदान केंद्र के अनुरूप निर्धारित की गई ( दूरस्थ अंचल में स्थित मतदान केंद्र वाले दलों को पहले रवाना किया गया )।

## अंतिम दिन 26 लोगों द्वारा डाक मतपत्र से किया गया मताधिकार का प्रयोग






निर्वाचन कार्य में तैनात विभिन्न दल के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य जिले में पदस्थ एवं सुरक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत व्यक्तियों ने कलेक्टोरेट स्थित सुविधा केन्द्र में अंतिम दिन अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर से 11, भटगांव से 11 एवं प्रतापपुर से 04 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार आज कुल 26 मतदाताओं ने डाक मतपत्र द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। 02 से 06 मई की स्थिति में डाक मतपत्र द्वारा कुल 428 लोगों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया है।

## एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार प्रदान करने एनकेएच अस्पताल कोरबा के साथ की साझेदारी

-संवाददाता-
कोरिया,06 मई 2024 (घटती-घटना)।
अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सेवा सहायता को बढ़ावा देने की एक ऐतिहासिक पहल में, एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों के लिए व्यापक कैशलेस उपचार सेवाएँ प्रदान करने के लिए एनकेएच अस्पताल कोरबा के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य कई विभागों में निर्बाध स्वास्थ्य सेवा पहुँच प्रदान करना है, जिससे कर्मचारियों को बहुत ज़रूरी राहत मिल सके। इस साझेदारी के तहत, एनटीपीसी के कर्मचारी अब एनकेएच अस्पताल में ऑर्थोपेडिक, गायनोकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, डर्मेटोलॉजी और साइकियाट्री जैसी विशेषताओं को कवर करते हुए कैशलेस उपचार सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का लाभ उठा सकते हैं। यह रणनीतिक कदम यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को ऐसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तीय बोझ के बिना उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल मिले। इसके अलावा, एनकेएच अस्पताल ने सक्रिय स्वास्थ्य सेवा सलाह और उपचार प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए निःशुल्क स्पेशलिटी क्लीनिक की पेशकश करके एनटीपीसी को अपना समर्थन दिया है। ये क्लीनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को जल्दी दूर करने में मदद करेंगे, जिससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम और मन की शांति बढ़ेगी। यह नया गठजोड़ एनटीपीसी की कर्मचारी स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही एक प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा भागीदार से व्यापक, कैशलेस चिकित्सा उपचार का अतिरिक्त आश्वासन भी देता है। यह साझेदारी एक सहायक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ कर्मचारी अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और जानते हैं कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल हमेशा उपलब्ध है।

## जिले में पहली बार पूरे एक विधानसभा में निर्वाचन पूर्ण कराने महिलाओं को दी गई जिम्मेदारी

### यह महिलाओं का दौर है, महिलाएं किसी भी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में है पूरी तरह से सक्षम



-संवाददाता-
कोरबा,06 मई 2024 (घटती-घटना)।
संसदीय क्षेत्र कोरबा में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 07 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। जिले के इतिहास मे पहली बार पूरे एक विधानसभा में निर्वाचन पूर्ण कराने की जिम्मेदारी महिलाओं को सौपीं गई है। कोरबा विधानसभा सीट में 249 मतदान केंद्र हैं और सभी संगवारी बूथ है। यहां पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 एवं माइक्रो ऑब्जर्वर सभी महिलाएं ही हैं। इसके लिए 1150 महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सामग्री वितरण के दौरान महिला मतदान अधिकारियों में गजब का उत्साह रहा। सभी पूरे उत्साह से अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन के लिए रवाना हुए। उन्होंने यह साबित कर दिया कि महिलाएं किसी काम करने के लिए पीछे नहीं हैं उनका उत्साह देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हुआ। महिलाओं का इस प्रकार का उत्साह समाज के लिए प्रेरणास्पद है। उनकी सक्रिय भागीदारी समाज में समानता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण होती है। ऐसी गतिविधियों से महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्तिकरण में मदद मिलती है। युवा पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी निभाने जा रही सुश्री शालिनी देवांगन ने बताया की वह जल संसाधन विभाग में उपअभियंता के पद पर कार्यरत है। लोकसभा निर्वाचन में उन्हें पीठासीन अधिकारी के रूप में जेलगांव के युवा मतदान केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में चुनाव पूर्ण कराने की जिम्मेदारी मिली है।

शालिनी कहती है यह महिलाओं का दौर है। महिलाएं किसी से कम नही है, महिलाएं किसी भी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में पूरी तरह सक्षम है और आगे भी बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन महिलाएं करेंगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कराने जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर वह काफी उत्साहित है। उन्हें बहुत खुशी है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने का अवसर मिला है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने उन पर भरोसा दिखाते हुए चुनाव की जिम्मेदारी दी है। जिसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगी। जमनीपाली के आत्मानंद विद्यालय में माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व का निर्वहन कर रही केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 02 की पीजीटी टीचर सुश्री दीक्षा गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है। महिलाओं की सशक्तीकरण में यह बहुत अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि वह बहुत ज्यादा उत्साहित है। निर्वाचन में कार्य करने का यह उनका पहला अनुभव है। जिससे उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्यो को गहनता से समझा है और पूरे आत्मविश्वास से उस दायित्व को निभाने को तत्तपर है। दीक्षा ने मतदान की उपयोगिता समझाते हुए कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है। लोकतंत्र की मजबूती में सभी की सहभागिता आवश्यक है। आप सभी वोट कर अपने लिए योग्य उम्मीदवार का चयन कर सकते है। उन्होंने आमजनों से मतदान अपील करते हुए कहा की इस हेतु अपने घरों से निकलकर अनिवार्य रूप से मतदान करें।

## शराब दुकान का ताला तोड़ की चोरी

कोरबा,06 मई 2024 (घटती-घटना)।
जिले में बीती रात बांकी थाना क्षेत्र के भैरोताल स्थित शराब दुकान को चोरों ने बनाया निशाना ,ले उड़े महंगी शराब के पेटियां । इसकी सूचना दुकान संचालकों के द्वारा पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंचे पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही शुरू की गई। ये घटना बांकीमोंगरा थाना अंर्तगत भैरोताल शराब दुकान की है जहां रविवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर 05 मई शाम 05 बजे दिनांक 07 मई तक के लिए क्षेत्र के सभी देशी विदेशी शराब दुकानों को बंद किया गया है । जिसका फायदा चोरों ने उठाते हुए रविवार देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है । बताया जा रहा है कि सुबह जब शराब दुकान के गार्ड को इसकी जानकारी हुई तब उसने सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना प्राप्त होने पर बाकी मोगरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही शुरू की जहां दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से चोरी का सुराग खोजा गया साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है वही इस मामले में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड से भी पूछताछ किया जा रहा है । बताया जा रहा है कि चोरी तड़के सुबह लगभग हुई है जहां सुरक्षा गार्ड शराब दुकान के बगल में सोया हुआ था। जब अचानक नींद खुली तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है ।

**Name change**

I ku.swati Das D/O shri kuldeep Das Resident of Sagarpara P.O. Lahpatra Surguja hereby declare that have changed my name from kuldeep Das to Swati Das D/O kuldeep Das in all the Government approved Identitty proofs to be used for various purpose in the future.

Deponent
Name-: Swati Das
D/O kuldeep Das
House N0.55 ward N0.17
puhuputra,Sagarpara
,P.O.Lahpatra
Distt. Surguja (C.G.) 497116

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पुराना नाम कु.स्वाती दास पिता श्री कुलदीप दास हैं अब मुझे स्वाती दास पिता श्री कुलदीप दास के नाम से जाना जाये तथा भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम स्वाती दास पिता श्री कुलदीप दास के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

शपर्थकता
स्वाती दास
पिता श्री कुलदीप दास
मकान नं. 55 वार्ड नं. 17
पुहपुटरा,सागरपारा
पो.आ.लहपटरा सरगुजा
(छ.ग.)497116

# राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली के बीच मुकाबला आज

## » रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिये करो या मरो का मुकाबला,नजरें मैकगुर्क और पंत पर

**नई दिल्ली,06 मई 2024।** आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिये शायद काफी नहीं हों।केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक),सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाये। अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिये दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का




दारोमदार होगा। उनके पास आस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं।दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और उपयोगी गेंदबाज है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है लेकिन दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी रेट नौ से नीचे रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार , लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया काफी महंगे साबित हुए हैं। पिछली बार दोनों टीमें मार्च में जयपुर भिड़ी थी जिसमें दिल्ली को पराजय का सामना करना पड़ा था।

**टीमें...**

**राजस्थान रॉयल्सः-** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्सः-** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# टी 20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा

## » आईसीसी और मेजबान देश अलर्ट

**नई दिल्ली,06 मई 2024।** आईपीएल 2024 के तुरंत बाद यूएसए और वेस्टइंडीज में 1 जून से टी 20 विश्व कप का आयोजन होना है। हालांकि, इस बीच टूर्नामेंट पर आतंकी हमले का साया आ गया है। वर्ल्ड कप के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बीच आतंकी साजिश की खबर जो सामने निकल कर आई है उसने सबकी टेंशन बढ़ा दी है।






हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि वह टी 20 विश्व कप के मेजबान देश- वेस्टइंडीज और यूएसए के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस मेगा-इवेंट पर आतंकी खतरे से निपटने के लिए पुख्ता तैयारी हो।

पुरुषों का टी 20 विश्व कप 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाला है। कैरेबियाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को उत्तरी पाकिस्तान से वर्ल्ड कप मैचों के दौरान आतंकी हमले का अलर्ट प्राप्त हुआ है। पुरुष टी 20 विश्व कप पर आतंकी खतरे के बारे में पूछे जाने पर आईसीसी के एक अधिकारी ने बताया, आईसीसी उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए मेजबान देशों के साथ मिलकर काम कर रही है। रिपोर्ट सामने आते ही हमने तुरंत अधिकारियों से बात की और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सभी को आश्वासन दिया है कि किसी भी जोखिम से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है।

त्रिनिदाद ने पीएम प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रोवले के हवाले से लिखा, सुरक्षा एजेंसियां विश्व कप पर खतरे से निपटने के लिए काम कर रही हैं।

यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग-अलग रूपों में बना हुआ है। हालांकि, इन खतरों को कम करने के लिए, हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हर खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर सबकी सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।

वेस्टइंडीज में टी 20 विश्व कप के मैच एंटीगा एंड बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के अलावा त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होंगे।

अमेरिका के फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और डलास में भी मैच निर्धारित है, लेकिन वहां इन खेलों पर किसी खतरे का कोई संकेत नहीं है। सेमीफाइनल मुकाबले त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल बारबाडोस में खेला जाना है।

दुनिया की टॉप- 20 टीमों को पांच-पांच के चार समूहों में बांटा जाएगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी।

सुपर आठ के दो समूहों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए आगे बढ़ेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल 29 जून को बारबाडोस में खेला जाना है।सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।

## चीन ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर 16 वीं बार जीता उबेर कप



**बीजिंग,06 मई 2024।** उबेर कप बैडमिंटन-2024 के फाइनल में, चीनी टीम ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। इस फाइनल के पहले महिला एकल मैच में चीनी महिला खिलाड़ी छन युफ़ेई ने इंडोनेशियाई महिला खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को सिर्फ 38 मिनट में सीधे सेटों में हराया।

दूसरे महिला युगल मैच में छन छिंगछेन और च्या यिफ़ान ने भी इंडोनेशियाई महिला युगल सीति फादिया सिल्वा रामधन्ति और रिबका सुगियार्तो को 2-0 से हराया।

तीसरे महिला एकल मैच में, चीनी महिला खिलाडी बिंगच्याओ ने पहला गेम हारने के बाद एस्टर नुरुमी ट्राई वार्डोयो को 2-1 से हराया। अंत में, चीनी टीम ने इंडोनेशियाई टीम को 3-0 के स्कोर से हराया और चैंपियनशिप जीती। उबेर कप, जिसे विश्व महिला बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप के रूप में भी जाना जाता है। इस आयोजन के इतिहास में, चीनी टीम सबसे सफल टीम रही है।वर्ष 1984 में उबेर कप में अपनी शुरुआत के बाद से, चीनी टीम ने वर्ष 2018 में फाइनल के अलावा सभी 20 बार फाइनल में जगह बनाई है। चीनी टीम के लिए यह 16 वीं बार है कि उन्होंने उबेर कप चैंपियनशिप जीती।

# यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति




**नई दिल्ली,06 मई 2024।** डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी।ज्योति ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा ,'' टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिये बहुत अच्छा होगा।''भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से खेलना है। इसके बाद जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है। इसके बाद 29 मई को ब्रेडा में आरेंजी रूड से आखिरी मैच खेलना है।

**टीम...**

**गोलकीपरः-**अदिति माहेश्वरी, निधि

**डिफेंडरः-** ज्योति सिंह (कप्तान), लालथांटलुआंगी, अंजलि बारवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरू कुल्लू

**मिडफील्डरः-** के सोनिया देवी , रजनी केरकेटा, प्रियंका यादव, के शिलेइमा चानू, साक्षी राणा, अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर

**फॉरवर्ड :-** बिनिमा धन, हिना बानो, लालरिंपुइ, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।




# अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 में बंटी की एंट्री

### फिल्म में डबल करेंगे कॉमेडी का डोज

अक्षय कुमार और बॉबी देओल स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 काफी समय से चर्चा में है। पिछले साल मेकर्स ने एक पोस्टर के साथ फिल्म की घोषणा भी की थी। वहीं कुछ दिनों पहले रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अक्षय जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू करेंगे। अब हाउसफुल 5 को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की कास्ट में अभिषेक बच्चन शामिल हो गए हैं। आपको बता दें कि अभिषेक हाउसफुल 3 में भी नजर आए थे।

### हाउसफुल 5 में बंटी की वापसी

अक्षय कुमार और बॉबी देओल स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 में एक्टर अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है, जिसका खुलासा खुद मेकर्स ने किया है। साजिद नाडियाडवाला ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं अभिषेक को हाउसफुल फ्रेंचाइजी में वापस लाकर खुश हूं। उनका समर्पण, कॉमिक टाइमिंग और ईमानदारी हमारी फिल्म को ऊपर उठाएगी। दूसरी ओर, अभिषेक बच्चन ने कहा कि हाउसफुल उनकी पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक है। अभिनेता ने कहा वापस आकर ऐसा लग रहा है जैसे मैं घर लौट रहा हूं। साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत आनंददायक रहा है। मैं अपने सह-अभिनेताओं अक्षय और रितेश के साथ सेट पर ढेर सारी मस्ती करने के लिए उत्सुक हूं। मैं अपने साथ दोबारा काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।÷ प्रिय मित्र तरूण मनसुखानी। मैं दोस्ताना के बाद उनके साथ दोबारा काम करने के लिए उत्सुक हूं, यह बहुत मजेदार होने वाला है।

# फिल्में अकेले चलती हैं क्योंकि ओटीटी नाटकीय रिलीज से पहले सौदों पर बाईं ओर करता है स्वाइप

नाटकीय रिलीज से पहले एक स्ट्रीमिंग पार्टनर हासिल करने की प्रथा से हटकर, अब बड़ी संख्या में फिल्में बिना ओटीटी सौदों के सिनेमाघरों में पहुंच रही हैं, जिससे ऑनलाइन स्ट्रीमिंग में देरी हो रही है या अनुपस्थित है। यह बदलाव तब आया है जब स्ट्रीमिंग सेवाएं बॉक्स ऑफिस पर असफलताओं को लेकर चिंतित हो गई हैं और भारी दरों पर खरीदे जाने के बावजूद शीर्षक बिना बिके रह गए हैं या नगण्य दर्शक संख्या देख रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में, आंख मिचोली, ज़विगाटो और जोगीरा सारा रा रा जैसी हिंदी भाषा की फिल्में बिना ओटीटी भागीदारों के सिनेमाघरों में रिलीज हुई और अभी तक किसी भी मंच पर प्रदर्शित नहीं हुई हैं।



कुछ हाई-प्रोफाइल फिल्में, जिन्होंने घोषणा की थी कि वे सिनेमाघरों में रिलीज के बाद विशिष्ट प्लेटफार्मों पर स्ट्रीम होंगी, अभी तक सेवाओं पर लॉन्च नहीं हुई हैं और बॉक्स ऑफिस पर असफलताओं के बाद प्लेटफॉर्म इन सौदों से पीछे हट गए हैं। टाइगर श्रॉफ की गणपथ और थ्रिलर द लेडी किलर का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होना था, लेकिन ऐसा होना अभी बाकी है। उद्योग विशेषज्ञ ओटीटी प्लेटफार्मों द्वारा एक बाद के विचार की ओर इशारा करते हुए सुझाव देते हैं कि ये अधिग्रहण उनकी मूल कंपनियों के लिए उचित नहीं हो सकते हैं।

एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के लिए आदर्श मुख्य अभिनेता की पिछली फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के आधार पर कीमत तय करना था, जिसकी फिल्म पर विचार किया जा रहा है। वे मान लेंगे कि नई फिल्म कम से कम बॉक्स ऑफिस के एक निश्चित मानक को पूरा करेगी, भले ही यह अपेक्षाओं से अधिक न हो। हालाँकि, अब कोई गणना काम नहीं कर रही है और सौदे केवल भागों में हो रहे हैं, कार्यकारी ने कहा।

व्यक्ति ने कहा, जबकि सेवाएं नाटकीय रिलीज से पहले प्रतिबद्ध राशि का एक निश्चित प्रतिशत का भुगतान करती हैं, अनुबंध में धाराएं उन्हें सौदे समाप्त करने की अनुमति देती हैं। इसके अलावा, कोई भी सेवा छोटे पैमाने की फिल्मों या व्यावसायिक फ्लॉप फिल्मों पर विचार नहीं कर रही है। कोई अन्य विकल्प नहीं है। ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे भारत के कार्यकारी अंतरराष्ट्रीय मालिकों के सामने इन अधिग्रहणों को उचित ठहरा सकें।

निश्चित रूप से, नाटकीय रिलीज से पहले जोखिम शमन का पूरा मॉडल तब शुरू हुआ जब स्टार, सोनी, ज़ी और वायाकॉम 18 जैसे टेलीविजन नेटवर्क ने फिल्मों के सैटेलाइट अधिकारों के लिए एक-दूसरे से अधिक बोली लगाना शुरू कर दिया, जिससे 2000 के मध्य तक कीमतें बढ़ गईं। सोनी और स्टार ने विशेष रूप से फिल्मों के निर्माण शुरू होने से बहुत पहले ही उनके अधिकार खरीदना शुरू कर दिया था। बाद में, जब ओटीटी खिलाड़ी आए, तो उन्होंने ध्यान खींचने के लिए उसी प्रथा का पालन किया। हालाँकि,स्ट्रीमिंग बूम अब धीमा हो गया है और न तो सब्सक्रिप्शन और न ही विज्ञापन उम्मीद के मुताबिक आगे बढ़ रहे हैं। फिल्म निर्माता, व्यापार और प्रदर्शनी विशेषज्ञ गिरीश जौहर ने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के बाद कई फिल्में अधर में लटक गई हैं। कई अन्य लोग बिल्कुल भी सौदा करने में असमर्थ रहे। ÷जब इन फिल्मों को हरी झंडी मिली, तो बाजार अलग था। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बाद सब कुछ बदल जाता है। अगर स्ट्रीमिंग उद्योग के लिए चीजें बेहतर होतीं, तो इनमें से कुछ सौदे हो सकते थे, जौहर ने कहा। उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि फिल्म की गुणवत्ता कंपनी के मानकों के अनुरूप नहीं है, यह भी एक मामला हो सकता है। ट्रेड एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस समय कम से कम 40-50 तमिल भाषा की फिल्में बिना बिकी पड़ी हैं।

# जान्हवी कपूर और शर्मिन सहगल की थ्रोबैक तस्वीरें और एक इंस्टाग्राम एक्सचेंज





हीरामंडी अभिनेता और संजय लीला भंसाली की भतीजी शर्मिन सहगल एक से अधिक कारणों से ट्रेंड में हैं। शर्मिन सहगल और जान्हवी कपूर की पुरानी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। ये तस्वीरें शर्मिन ने काफी पहले अपने इंस्टाग्राम फीड पर शेयर की थीं। एक तस्वीर में जान्हवी और शर्मिन को कैमरे के सामने खुशी से पोज देते हुए देखा जा सकता है। यह तस्वीर कैलिफोर्निया के एक आलीशान भोजनालय में क्लिक की गई थी। शेरमिन ने तस्वीर का वर्णन करते हुए एक लंबा कैप्शन लिखा। उन्होंने लिखा, यह तस्वीर हमारे रिश्ते के लिए इतनी प्रासंगिक है क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मैंने अपने जीवन में उतनी मछली खाई है जितनी हमने एक साथ बिताए 10 महीनों में पीली पूंछ खाई है। जन्मदिन मुबारक हो पापा जॉन का प्यार। टिप्पणी अनुभाग में, शर्मिन ने लिखा, जान्हवी कपूर 6 कत्सुया से हम जितनी पीली पूंछ खाते हैं, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता कि हम सभी रेस्तरां में गए थे। सिवाय इसके कि जब पोस्टमेट काम नहीं कर रहे थे और हमें इसे लेने जाना था। शर्मिन की बातों का जवाब देते हुए जान्हवी ने लिखा, मैंने अभी इसे देखा! मैं तुमसे बहुत प्यारी हूं। तुम्हें मिस करती हूं और ला वू को मिस करती हूं। एक अन्य क्लिक में शर्मिन, जान्हवी और उनके दोस्त यश सिंघल को एक साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है।

# शाहिद कपूर ने माना,प्यार में मिला दो बार धोखा



एक्टर शाहिद कपूर ने चॉकलेटी बॉय के रूप में करिअर की शुरुआत की थी। उन्हें शुरुआत में कई फिल्मों में ऐसी ही भूमिकाओं में देखा गया। अब उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं और वे अलग-अलग किरदार से फैंस का दिल जीतते आ रहे हैं। शाहिद हाल ही में पत्नी मीरा राजपूत के साथ एक्ट्रेस नेहा धूपिया के शो में पहुंचे, जहां उन्होंने माना कि उन्हें एक नहीं बल्कि दो बार प्यार में धोखा मिला है। शाहिद और नेहा ने फिल्म 'चुप चुपके' में साथ काम किया था। नेहा ने बातचीत के दौरान शाहिद से पूछा कि उन्हें रिलेशनशिप में कितनी बार धोखा मिला। इसके जवाब में शाहिद ने हंसते हुए कहा, मैं एक को लेकर श्योर हूं। दूसरी को लेकर मुझे शक है। तो मुझे लगता है इनमें से कुछ हैं। मैं उनमें से किसी का नाम नहीं लूंगा। इस पर नेहा ने कहा कि क्या ये वहीं दो फेमस महिलाएं हैं जिन्हें आपने डेट किया था? तब शाहिद ने चुप्पी साध ली। फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि शाहिद एक्ट्रेस करीना कपूर और प्रियंका चोपड़ा की बात कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि करीना और शाहिद का रिश्ता जग जाहिर था। करीना ने खुलकर शाहिद को डेट करने की बात मानी थी। उन्हें कई बार साथ देखा गया। अचानक उनके ब्रेकअप की खबर से सब हैरान रह गए। ब्रेकअप के बाद शाहिद की जिंदगी में प्रियंका आई। यह रिश्ता कब शुरू हुआ और कब खत्म इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। बता दें कि शाहिद और मीरा के एक बेटा व एक बेटी हैं।

# द फैमिली मैन 3 के लिए मनोज बाजपेयी ने शुरू की शूटिंग

मनोज बाजपेयी बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली और बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं, अभिनेता ने कई शैलियों और माध्यमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और अभिनय में अपनी योग्यता साबित की है। मनोज बाजपेयी ने 1994 में अपनी शुरुआत की। हालांकि उन्होंने उद्योग में अपनी सफलता हासिल की और अब सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक हैं, लेकिन उनकी यात्रा आसान नहीं थी। लेकिन वक्त के साथ उन्होंने अपने आप को साबित किया। और लग रहा है कि ये समय मनोज का ही है। मनोज बाजपेयी की द फैमिली मैन सबसे ज्यादा चर्चा में हैं।अमेज़न प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित सीरीज़ द फैमिली मैन के तीसरे सीज़न की शूटिंग।एक यूजर ने लिखा, इसका बहुत इंतजार हो रहा है। एक अन्य यूजर ने लिखा, इसमें भी शीर्ष स्तर का वन-शॉट सीक्वेंस रखें। तीसरे यूजर ने लिखा, इंतजार कर रहा हूं, इंतजार कर रहा हूं और इंतजार कर रहा हूं। एक्शन थ्रिलर में मनोज बाजपेयी, प्रियामणि, शारिब हाशमी, अश्लेषा ठाकुर और वेदांत सिन्हा सहित मूल कलाकार वापस आएंगे। सुमन कुमार और राज एंड डीके द्वारा लिखित, द फैमिली मैन सीजन तीन में बाजपेयी श्रीकांत तिवारी के अपने किरदार को दोहराते हुए दिखाई देंगे, जो एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति और एक विश्व स्तरीय जासूस है। आगामी श्रृंखला राज निदिमोरु और कृष्णा डीके द्वारा उनके बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाई और निर्देशित की गई है। आगामी तीसरे सीज़न में, श्रीकांत पारिवारिक जीवन की मांगों को संतुलित करते हुए और प्रियामणि द्वारा अभिनीत अपनी पत्नी सुचित्रा के साथ अपने रिश्ते को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उभरते खतरे का कुशलता से सामना करेंगे।



# छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण की वोटिंग आज

» तीसरे चरण के चुनाव में सरगुजा,रायगढ़, बिलासपुर,कोरबा,जांजगीर, दुर्ग और रायपुर की जनता वोटिंग करेगी

» कौन लेगा किससे टक्कर, क्या है व्यवस्था?

» मतदान के लिए 306 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं... 235 केंद्र युवाओं द्वारा संचालित हैं.

» गर्मी से बचने के लिए मतदान केंद्रों पर शीतल पेयजल,नींबू पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की गई है.



**रायपुर, 06 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग आज होगी। छत्तीसगढ़ में 7 संसदीय क्षेत्रों की जनता नेताओं का भाग्य ईवीएम में कैद करेगी। मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सरगुजा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, दुर्ग और रायपुर की जनता वोटिंग करेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि वोटिंग के लिए राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस मतदान के लिए 77592 मतदानकर्मी नियुक्त किए गए हैं। मतदान सुबह सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा.। तीसरे चरण में पिछले लोकसभा की तुलना में 9.34 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसके लिए 2809 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सरगुजा में कांग्रेस की शशि सिंह और बीजेपी के चिंतामणी महाराज के बीच मुकाबला है। रायगढ़ में कांग्रेस की मेनका देवी सिंह का मुकाबला बीजेपी के राधेश्याम राठिया के बीच होगा। बिलासपुर में कांग्रेस के देवेंद्र यादव का मुकाबला बीजेपी के तोखन साहू से होगा। कोरबा में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत का मुकाबला बीजेपी की सरोज पांडेय से होगा। जांजगीर में कांग्रेस के शिव डहरिया का मुकाबला बीजेपी की कमलेश जांगड़े से होगा। दुर्ग में कांग्रेस के राजेंद्र साहू का मुकाबला बीजेपी के विजय बघेल से होगा। रायपुर में विकास उपाध्याय का मुकाबला बीजेपी के बृजमोहन अग्रवाल से होगा।

## मतदान के लिए एपिक कार्ड जरूरी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा ई-एपिक कार्ड के साथ 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता एपिक कार्ड नहीं होने पर ई-एपिक कार्ड के साथ इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी भी एक को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।




जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र

## चुनाव के दिन 137 पेट्रोलिंग पार्टी करेगी लगातार पेट्रोलिंग

आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा भारी संख्या में कार्यवाही और धरपकड़ की गई है। साथ ही मतदान दिन की अन्य तैयारियां की गई हैं। रायपुर जिले में चुनाव ड्यूटी हेतु 18 सीएपीएफ कंपनी (सीआरपीएफ और एसएसबी के जवान), 7 छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स (सीएएफ) कंपनी के साथ 1995 अन्य पुलिस बल, होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, कोटवार लगाए गए हैं, जो मतदान के एक दिन पूर्व में ड्यूटी में लगाए गए हैं। जिला निर्वाचन की टीम के साथ जिला पुलिस बल व सीएपीएफ के जवान जिले में 24 फ्लाईंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) एवं 25 स्टैटिक सर्विलेंस टीम (एसएसटी) और 5 अन्य पुलिस नाके द्वारा समस्त प्रकार के वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग कर रहे हैं। मतदान प्रक्रिया को शांति पूर्ण संपन्न कराने हेतु वोटिंग दिन के एक दिन पूर्व से समस्त थाना क्षेत्रों में दो से तीन पेट्रोलिंग पार्टी कुल लगभग 90 पेट्रोलिंग पार्टी लगाने के साथ ही 16 एडी पार्टी भी लगायी गयी है। जिले में पांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तेरह नगर पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस अधीक्षक के साथ दो-दो अन्य पेट्रोलिंग पार्टी पृथक से लगायी गयी है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वायरलेससेट आपस में संपर्क में रहेंगी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा समस्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा की जा रहीं है। मतदान के दिन मतदान कक्ष के भीतर किसी भी प्रकार का मोबाईल फोन लेकर जाना वर्जित है। मतदान की गोपनीयता भंग करना कानूनी अपराध है, यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर मतदान करते हुए संबंधी फोटो/विडियो शेयर करता है तो उस पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे द्वारा वेबकास्टिंग भी की जा रही है। पूरे मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु समस्त थाना क्षत्रों में सघन पेट्रोलिंग पार्टी को डिप्लाय किया गया है तथा सीसीटीवी कैमरों एवं सिविल टीम की मदद से निगरानी की जा रहीं है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जिलेवासियों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।




### मतदाताओं के लिए ये होगी खास व्यवस्था...

श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान के लिए 306 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 235 केंद्र युवाओं द्वारा संचालित हैं। गर्मी से बचने के लिए मतदान केंद्रों पर शीतल पेयजल, नींबू पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की गई है। जहां जरूरी होगा वहां कूलर भी लगाए जाएंगे। लाइन में खड़े मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था भी की गई है। वेटिंग हॉल के साथ मेडिकल किट की भी व्यवस्था की गई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने बड़ी कार्रवाई भी की है. आचार संहिता के दौरान 1800 से अधिक मामले दर्ज हुए। एनडीपीएस एक्ट के तहत 715 मामले दर्ज किए गए। आबकारी एक्ट के 325 व अन्य मामलों में 828 केस दर्ज हुए. अब तक कुल 1868 एफआईआर दर्ज की गई हैं।



# अनिल टुटेजा को मिली 14 दिन की न्यायिक रिमांड

**रायपुर, 06 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले को लेकर एसीबी और ईओडब्ल्यू लगातार कार्रवाई कर रही है। एक के बाद एक जांच और मामले में संलिप्त लोगों को समन भेजे जा रहे हैं। वहीं, आज ईडी ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को विशेष कोर्ट पेश किया गया, जहां विशेष कोर्ट ने अनिल टुटेजा को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें कि अनिल टुटेजा 20 मई तक जेल में रहेंगे। बता दें कि नई ईसीआईआर दर्ज होने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय अगले एक सप्ताह में शराब घोटाला केस से जुड़े लोगों पर एक्शन ले सकता है। जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी केस में नए सिरे से जांच शुरू कर दी है। इस दौरान शराब कारोबारियों और अधिकारियों की गिरफ्तारी हो सकती है। सूत्रों की मानें तो इस मामले से जुड़े लोगों को ईडी ने लोगों को समंस भेजना भी शुरू कर दिया है। ईओडब्लू की ओर से की गई एफ आईआर में 70 लोगो के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि फ्रेश ईसीआईआर में भी वही नाम शामिल हैं। ईडी सभी को पूछताछ करने के लिए समंस भेज रही है।

# कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को सौंपी बड़ी जिम्मदारी



» रायबरेली का बनाया गया ऑब्जर्वर

**रायपुर, 06 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल को कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मदारी सौंपी है। भूपेश बघेल को रायबरेली का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है। इस संबंध में एआईसीसी ने आदेश जारी किया है। इसके साथ ही राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को अमेठी का सीनियर आब्जर्वर (पर्यवेक्षक) बनाया गया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों का बदलेगा नाम

» पूर्व सीएम बघेल बोले- उनका नाम हटाकर पछताएगी भाजपा




**रायपुर, 06 मई 2024(ए)।** स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना का नाम बदलने की भाजपा सरकार की योजना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अगर ऐसा होता है तो यह दुर्भाग्यजनक होगा और ऐसा करके भाजपा समाज में ग़लत संदेश देगी और बाद में पछताएगी।. उन्होंने कहा कि राजनीतिक व्यक्तियों के नाम से चल रही योजनाओं का नाम बदलना भाजपा की फितरत रही है। पर छत्तीसगढ़ के एक विश्व विख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति के नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है।. अगर भाजपा की सरकार सिर्फ़ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है क्योंकि यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है।

भाजपा के नेताओं को भूपेश बघेल ने सलाह दी है कि वे चाहें को नाम बदलने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी से भी चर्चा कर लेनी चाहिए। क्योंकि डा सिंह विवेकानंद आश्रम के हॉस्टल में रह चुके हैं और स्वामी आत्मानंद के सानिध्य में रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि भले ही नाम बदलने की राजनीति भाजपा की विरासत में है पर स्वामी आत्मानंद जी के नाम पर बनी योजना का नाम बदलने से पहले उन्हें विचार कर लेना चाहिए कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ की जनता की भावना किस तरह आहत होगी और भाजपा को बाद में पछताना होगा।

# जग्गी हत्याकांड मामले में फिरोज सिद्दीकी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर, 06 मई 2024 (ए)।** जग्गी हत्याकांड के आरोपियों में शामिल फिरोज सिद्दीकी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। सिद्दीकी ने एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) समीर श्रीवास्तव के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के समक्ष स्पेशल लीव पटिशन (एसएलपी) दायर की। सजा के निलंबन के लिए अपील 06 मई 2024 को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी। अधिवक्ता समीर श्रीवास्तव की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय सहमत हो गया और फिरोज सिद्दीकी को जमानत दे दी।



### जग्गी हत्याकांड के 3 और आरोपियों ने किया सरेंडर

राम अवतार जग्गी के हत्याकांड में शामिल अभियुक्त राजू भदोरिया , धर्मेंद्र उर्फ लल्लन, एक अन्य आज रायपुर न्यायालय के समक्ष सरेंडर किया। ये तीनों मप्र के भिंड से परिजनों, वकीलों के साथ पहुंचे। वहीं पिछले दिनों याह्या ढेबर,चिमन सिंह, सूर्यकांत तिवारी, तीन पूर्व पुलिसअफसरों ने सरेंडर किया था। कुल 27 मे से 10 सरेंडर कर चुके हैं। सरेंडर करने वाले कुछ अभियुक्त जेल से बाहर निकलने की तैयारी कर रहे हैं। वे स्वास्थ्यगत कारणों से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने की जुगत में है।

## दो पुलिसवाले हुए निलंबित

### चुनाव ड्यूटी के दौरान खेल रहे थे जुआ

**बिलासपुर,06 मई 2024 (ए)।** आज होने वाले मतदान के लिए बिलासपुर जिले के कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में जुआ खेलने लगे। इनके साथ कुछ सरकारी कर्मचारी भी



जुआ खेलने लगे, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, आज कोनी स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम से मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री वितरण होना था। इनमें पुलिसकर्मी भी ड्यूटी के लिए शामिल थे। इस दौरान वे सरकारी कर्मियों के साथ मिलकर जुआ खेलने लगे जिसका वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। बताया जाता है कि आज सुबह 7 बजे से कोनी स्थिति स्ट्रांग रूम में कर्मचारी और पुलिसकर्मी पहुंच गए थे। पर अधिकारी नहीं पहुंचे थे। इस दौरान टाइम पास के लिए पुलिसकर्मी जुए के दांव लगाने लगे और महफिल सजाकर वही फील्ड जमा लिया। अफसरों की नजर भी जुआरी पुलिसकर्मियों पर नहीं पड़ी। पर मोबाइल कैमरे में जुआ खेलते बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कैद हो गए। एसपी रजनेश सिंह ने वीडियो वायरल होने पर कमलेश सूर्यवंशी और अविनाश चंदेल नामक दो आरक्षको को तत्काल निलंबित कर दिया है।

# पति ने करवाई पत्नी की हत्या

» बीमा की राशि हड़पने दोस्त को दी डेढ़ लाख की सुपारी...

**बालोद,06 मई 2024(ए)।** बीमा की राशि हड़पने पत्नी के हत्या की सुपारी देने वाले पति को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले भी हत्या के केस में जेल जा चुका है। जेल से छुटने के बाद दूसरी शादी की और जब पत्नी से विवाद बढ़ने लगा तो उसकी हत्या करवा दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति और उसके साथी को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक, 4 मई को सनौद गुरूर मुख्य मार्ग पर ग्राम तितुरगहन स्थित सड़क पर बोरे में बंद एक लाश पुलिस को मिली थी। मृतक महिला की पहचान भेश्वरी साहू उर्फ छोटी साहू पति खिलावन साहू ग्राम रमतरा के रूप में की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतिका के पति को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी ज्यादा देर पुलिस को गुमराह नहीं कर सका और पत्नी की हत्या करवाने की बात कबूल की। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 2001 में उसने अपनी फुफु दीदी का कत्ल किया था। जेल में रहने के दौरान उसकी पहचान हत्या के केस मे सजा काट रहे रामपुर निवासी डीसूराम साहू से हुई। दोनों 2009 में जेल से बाहर आये। इसके बाद आरोपी खिलावन साहू शादी-शुदा होने के बाद भी दूसरी शादी 2012 में पड़ोस की रहने वाली छोटी साहू से कर ली। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक ठाक चल रहा था। इसके बाद पति पत्नी का आये दिन विवाद होने लगा।



### विवाद की वजह से हत्या

रोज रोज के विवाद से खिलावन साहू परेशान था। बीच बीच में उसकी मुलाकत डीसूराम साहू से होती रहती थी। एक दिन खिलावन ने डीसूराम से मिलकर अपनी पत्नी के साथ हो रहे विवाद की जानकारी दी। खिलावन ने कहा कि वो अपनी पत्नी से छुटकारा पाना चाहता है। बातचीत में उसने बताया कि उसकी पत्नी का तीन लाख का बीमा भी है। अगर डीसूराम उसकी पत्नी को मार देता है तो वो बीमा में मिले रकम का आधा आधा बांट लेंगे। लालच में आकर डीसूराम ने हत्या करने की योजना बनाई। प्लानिंग के तहत ही 4 मई को डीसूराम ने छोटी साहू को फोन कर धमतरी बुलाया। यहां से अपनी टीव्हीएस एक्सल में बैठाकर अपने गांव रामपुर ले गया। जिसके बाद अपने खेत में छोटी साहू को शराब पिलाई और नशा होने पर उसके उपर पत्थर पटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने मृतिका के पति खिलावन को फोन कर जानकारी दी। इधर खिलावन ने भी बोरे में शव को भरकर अपने गांव की तरफ लाने को कहा। आरोपी शव को मोटरसाईकिल में बांधकर निकला ही था कि तितुरगहन के पास लोगों की भीड़ दिखी। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने शव को सड़क पर ही फेंक कर अपने गांव रामपुर आ गया।

# राधिका खेड़ा के आरोप पर सुशील आनंद ने तोड़ी चुप्पी



» कहा...नहीं किया गया किसी प्रकार का कोई दुर्व्यवहार,

» बीजेपी के साथ मिलकर कर रही षड्यंत्र

**रायपुर, 06 मई 2024(ए)।** कांग्रेस से इस्तीफा दे चुकी पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के लगाए आरोपों पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशीलानंद शुक्ला ने चुप्पी तोड़ते हुए पलटवार किया है। उन्होंने आज राजीव भवन में प्रेस वार्ता के दौरान खेड़ा के आरोपों को बेबुनियाद बताया. उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी पत्रकार वार्ता को संबोधित करना होगा कभी सोचा नहीं था.। राधिका खेड़ा मुझपर चरित्र हनन और शराब ऑफर करने और दरवाजा खटखटाने का आरोप लगाया है। जबकि मैं वहां रुका ही नहीं था और न ही उनसे केबिन में किसी प्रकार का कोई दुर्व्यवहार किया गया। सुशील आनंद शुक्ला ने राधिका खेड़ा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पता था वो ग़लत है और पार्टी की जांच रिपोर्ट में यह साबित हो जाएगा। निष्पक्षता, दृढ़ता और बेबाक़ी से जवाब देने पर मुझे इस षड्यंत्र में बीजेपी के साथ मिलकर फंसाया गया है. उन्होंने कहा कि उस घटना के वीडियो को सार्वजनिक किया जाए, उसके बाद सब क्रिस्टल क्लियर हो जाएगा की मैंने अभद्रता की है या नहीं की है।

# कांग्रेसी पार्षद को हाईकोर्ट ने किया बर्खास्त

» मामले में आया नया मोड़



**भिलाई,06 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। हाईकोर्ट ने भिलाई नगर निगम के मो. सलमान को बर्खास्त कर दिया है। दरअसल, पार्षद के प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत हुई थी। जिसके बाद मामला हाईकोर्ट में भी पहुंच गया। अब कोर्ट ने जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए पार्षद को बर्खास्त करने को कहा है। जानकारी के अनुसार, भिलाई नगर निगम का है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंह ने पार्षद मो. सलमान के फर्जी जाति प्रमाण पत्र को लेकर हाईकोर्ट याचिका लगाई थी। बताया जा रहा है कि पार्षद ने जिस प्रमाणपत्र को लगाया था वह किसी महिला के नाम था। मोहम्मद सलमान उपसभापति के साथ भिलाई निगम में स्थ्रष्ट सदस्य भी हैं। जिसके बाद आज संभाग आयुक्त ने आज सुनवाई के बाद फैसला सुनाया है और झूठ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शिकायत को सही पाए जाने के बाद पार्षद मो. सलमान को बर्खास्त कर दिया है।

# सटोरियों ने किए 30 हजार करोड़ का लेनदेन, बैंक डिटेल्स से खुलासा



**रायपुर, 06 मई 2024(ए)।** महादेव सट्टा एप केस में लगातार नए राजफाश हो रहे हैं। पुणे से पकड़े गए 26 आरोपितों से जब्त बैंक खाते के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। 30 हजार करोड़ के लेन-देन का हिसाब इनके पास मिला है। अब 200 से ज्यादा बैंक खातों पर पुलिस की नजर है। बैंक से सभी खातों की जानकारी मांगी गई है। खाते किस तरह से खोले गए और कब से लेन-देन चल रहा है। 15 बैंक खातों के कनेक्शन रायपुर, दुर्ग, भिलाई के हैं। बैंक खातों की शुरुआती जांच में बड़े लेनदेन की जानकारी पुलिस को मिली है। यह लेनदेन 50 हजार रुपये से ज्यादा का नहीं होता था। अब हर दिन लाखों रुपये पर हो रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)